* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 50

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

अयोध्या में भगवान राम के लिए कमल आसन तैयार

न्यूज रील्स

करणी सेना अध्यक्ष हत्याकांड में पहली गिरफ्तारी

जयपुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में पहली गिरफ्तारी हुई है। साजिशकताओं में शामिल रामवीर (23) पुत्र सतवीर को जयपुर पुलिस ने शनिवार को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। वह महेंद्रगढ़ (हरियाणा) के सत्तनाली इलाके के सुरेती पिलानियां का रहने वाला है। रामवीर शूटर नितिन फौजी का दोस्त है।

फास्ट ट्रैक कोर्ट में पॉक्सो के 2.43 लाख मामले पेंडिंग

नयी दिल्ली। देश में पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून) के 2 लाख 43 हजार मामले लंबित हैं। 2022 में सिर्फ 3% मामलों में सजा हुई है। अगर कोई नया केस रिपोर्ट नहीं हुआ तो इन केस को निपटाने के लिए कोर्ट को 9 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक कोर्ट में जनवरी 2023 तक पॉक्सो ???के लंबित मामलों की रिसर्च पब्लिश हुई है। इसी रिपोर्ट में ये दावा किया गया है।

इडी की जब्त जमीन पर कब्जा, इडी का छापा

हाजीपुर (वैशाली)। वैशाली में बच्चा राय के स्कूल, कॉलेज, घर समेत कई ठिकानों पर इडी ने रेड की है। पुलिस फोर्स और इडी की टीम मिलाकर कुल 50 लोग मौजूद थे। बच्चा राय के घर, कॉलेज से रेड के दौरान भारी मात्रा में नकदी बरामद किये जाने की सूचना है। बच्चा यादव ने इडी की जब्त जमीन और संपत्ति पर कब्जा कर लिया था। नयी बिल्डिंग भी बनायी थी। अब वहां इंटर स्कूल खोलने जा रहा था। बिहार टॉपर घोटाले के आरोपी बच्चा राय के खिलाफ भगवानपुर थाना में एक एफआइआर दर्ज करायी थी।

आइटी रेड : सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर अभी भी मिल रहे नोटों के बंडल

400 करोड़ की ओर गिनती, दो दिन और लगेंगे

- **तीन दिन से छापे की कार्रवाई जारी 30 आलमारियों में मिली नकदी**
- **अब तक की सबसे बड़ी छापेमारी का अनुमान**
- **300 करोड़ की हो चुकी गिनती अभी कई बैगों को खोलना बाकी**

आजाद सिपाही टीम

रांची/ भुवनेश्वर। कांग्रेस सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी मिल चुकी है। 6 दिसंबर को 30 आलमारियों में नकदी मिली थी। आयकर विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि यह देश का सबसे बड़ा छापा साबित हो सकता है। 400 करोड़ रुपये को आंकड़ा पार कर जाये, तो आश्चर्य की बात नहीं होगी। क्योंकि शनिवार को अन्य ठिकानों से बैग, बोरा आदि में नोट मिलना जारी है। शनिवार को भी आइटी अधिकारियों ने कई बैग बरामद किये। रांची आवास से भी कुछ बैग लेकर अधिकारी गये हैं। इनकी गिनती अभी बाकी है, जबकि अब तक 300 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की गिनती हो चुकी है।

गौरतलब है कि आयकर विभाग ने बुधवार को झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के 10 ठिकानों पर छापा मारा था। छापा के दौरान इतनी नकदी मिली कि उन्हें गिनते-गिनते तीन दिन बीत चुके हैं। अभी जितने नोट बचे हैं, उन्हें गिनने में अभी दो दिन और लगेंगे। तभी सही आंकड़ा मिल सकेगा। छापे की कार्रवाई कुछ जगहों पर पूरी हो गयी है, जबकि कुछ जगहों पर अभी भी जारी है। अधिकारीगण एक-एक कागजात, कंप्यूटर, लैपटॉप आदि इलेक्ट्रानिक डिवाइसों को खंगालने में भी लगे हैं। रांची में धीरज साहू के घर से शनिवार को तीन बैग नकदी बदामद होने की खबर है। हालांकि इन बैग में कितनी राशि थी, इसका अभी खुलासा नहीं किया गया है। इनकी गिनती की जा रही है। वहीं, शनिवार को जारी कार्रवाई के दौरान टीम ने बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा इलाके में एक देसी शराब निर्माता के घर से 20 बैग नकदी जब्त की। बरामद राशि की गिनती की जा रही है और इसके 50 करोड़ रुपये से अधिक होने की आशंका है।

नोटों में नमी आ गयी थी, मशीन हो रही खराब : लंबे समय से अलमारी में रखे होने के कारण नोटों में नमी आ गयी, जिसकी वजह से नोट एक दूसरे से चिपक गये हैं। नोट गिनने के दौरान अब तक चार मशीनें खराब हो चुकी हैं, इस कारण गिनती में देर हो रही है। अब भुवनेश्वर से बड़ी मशीनें मंगायी गयी हैं।

नोट गिनने के लिए 40 मशीनें लगायी गयीं : आयकर विभाग को अब तक ओड़िशा के टिटलागढ़, बोलांगीर और संबलपुर स्थित ठिकानों से 300 करोड़ कैश मिल चुका है। शनिवार 8 दिसंबर से नोट गिनने के लिए 40 बड़ी और छोटी मशीनें लगायी गयी हैं। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी थी। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर ने मीडिया को बताया कि कैश इतना ज्यादा है कि इसकी गिनती में अभी दो दिन और लगेंगे। इसके बाद ही आधिकारिक रूप से इस पर जानकारी दी जा सकेगी। सूत्रों ने बताया कि जब्त की गयी नकदी की गिनती संबलपुर और बोलांगीर में एसबीआइ की दो शाखाओं में की जा रही है।

42 शराब दुकानों से कर्मचारी भागे : बलदेव साहू संस एंड ग्रुप की ओड़िशा में 250 से अधिक शराब की दुकानें है। आयकर की छापेमारी के बाद बोलांगीर जिले की 42 दुकानों के कर्मचारी दुकानें बंद कर भाग गये हैं। उन्हें गिरफ्तारी और पूछताछ का डर है।

अकूत संपत्ति निकलने के आसार : आइटी सूत्रों की मानें तो अभी तो केवल नकदी की बात हो रही है। संपत्ति जेवरात आदि का आकलन अभी बाकी है। इन सबके अकलन के बाद अकूत संपत्ति होने की संभावना की बात को इंकार नहीं किया जा सकता है। बैंक एकाउंट, लॉकर, निवेश आदि की तरफ अभी आइटी अधिकारी बढ़ ही नहीं पाये हैं। वह नकदी को ही संभालने में लगे हैं। अधिकारी इन सबसे जुड़े दस्तावेजों को जब्त करते जा रहे हैं, जिनका धीरे-धीरे आकलन होगा। छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से बरामद डिजिटल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए हैदराबाद के 20 अन्य अधिकारियों को भी काम पर लगाया गया है।

आयकर के छापे से जुड़ी अहम बातें

- पहले दिन 6 दिसंबर को नोटों से भरी 30 अलमारी मिली थीं।
- 7 दिसंबर को बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के कार्यालय में नोटों से भरी 30 अलमारियां मिली थीं।
- सभी नोट के बंडल 500, 200 और 100 रुपये के रूप में थे।
- ओड़िशा के टिटलागढ़ में शराब कारोबार संभालने वाले संजय साहू और दीपक साहू के घर से 8 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं।
- राइस मिलर और ट्रांसपोर्टर राजकिशोर जायसवाल के ठिकानों से भी बड़ी रकम जब्त हुई।
- ओड़िशा के बौध जिले की राइस मिल और बौध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड में भी कैश मिलने की खबर है।
- छापेमारी को देखते हुए बौद्ध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों ने 500-500 के नोटों को फाड़ कर फेंकना शुरू कर दिया।
- आइटी अधिकारियों को कंपनी के चारदीवारी के आसपास 500-500 सौ के नोट फाड़ कर फेंके हुए मिले।
- ओड़िशा के बलांगीर स्थित सुदापड़ा शराब भट्ठी के मैनेजर के घर से 50 करोड़ की नकदी जब्त की गयी।

इन जगहों पर आयकर की दबिश

- ओड़िशा में बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और इससे जुड़े परिसरों में छापेमारी।
- बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के ठिकाने (यह बौध डिस्टिलरी की पार्टर्नशिप फर्म है)।
- बौध डिस्टिलरी के भुवनेश्वर स्थित कॉरपोरेट ऑफिस और अधिकारियों के घर पर।
- बोलांगीर के सुदापाड़ा और टिटलागढ़ के दो शराब व्यापारियों के घर।
- रांची के रेडियम रोड पर बना सांसद धीरज साहू का घर सुशीला निकेतन।
- लोहरदगा स्थित सांसद धीरज साहू का घर।

इडी ने शपथ पत्र दाखिल कर किये कई चौंकानेवाले खुलासे

टेट्रा पैक में प्रेम प्रकाश के लिए जेल में पहुंचती थी शराब

- **इडी के अधिकारियों को फंसाने के लिए हनी ट्रैप की साजिश रची**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेल में बंद पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को लेकर रोज ही नये खुलासे हो रहे हैं। इधर, प्रेम प्रकाश को लेकर कोर्ट को सौंपे गये शपथ पत्र में कई चौंकानेवाले खुलासे हुए हैं। कहा गया है कि इडी के गवाह विजय हांसदा को प्रेम प्रकाश के कहने पर ही सत्ता शीर्ष में बैठे एक व्यक्ति ने 10 लाख रुपये उपलब्ध कराये। यह राशि विजय हांसदा को अपना बयान बदलने के लिए दी गयी थी।

हलफनामे में इस बात का भी उल्लेख किया है कि होली से ठीक एक दिन पहले प्रेम प्रकाश से मिलने महिला जेल पहुंची थी। महिला के साथ तीन लोग पुलिस की वर्दी में थे। उस महिला ने काफी देर तक प्रेम प्रकाश से मुलाकात की। इडी का कहना है कि प्रेम प्रकाश ने महिला को इडी के अधिकारियों को हनी ट्रैप कर फंसाने को कहा था। इस मुलाकात में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर नसीम खान की महत्वपूर्ण भूमिका थी। प्रेम प्रकाश को जेल के अंदर तमाम सुख-सुविधाएं मुहैया कराने में जेल सुपरिटेंडेंट हामिद अख्तर और जेलर नसीम खान का अहम रोल है।

पैसा मिलते ही बयान से मुकरा हांसदा : प्रेम प्रकाश के कहने पर इडी के गवाह विजय हांसदा को 10 लाख रुपये मिले। इसके बाद ही इडी का गवाह विजय हांसदा न सिर्फ रांची पीएमएलए के विशेष कोर्ट के समक्ष अपने बयान से मुकर गया, बल्कि इडी के अफसरों पर भी झूठा केस किया। हलफनामे में अदालत को यह भी बताया है कि वर्ष 2017 में एक विभागीय सचिव ने प्रेम प्रकाश को बॉडीगार्ड उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन डीजीपी को पत्र लिखा था। फिलहाल वह आइएएस अधिकारी झारखंड सरकार में एक महत्वपूर्ण पद की जिम्मेवारी संभाल रहे हैं। उन्हें और बड़ा ओहदा मिलने की चर्चा है। उस सीनियर आइएएस के इशारे पर ही प्रेम प्रकाश को जेल में सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। वहीं इडी ने कोर्ट के समक्ष एक तस्वीर भी पेश की है, जिसमें स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि प्रेम प्रकाश को जेल के एक अलग वार्ड में रखा गया है, जहां उसकी खिदमत के लिए तीन अन्य बंदी लगाये गये हैं।

सीसीटीवी से खुले कई राज : पिछले दिनों इडी ने जब जेल में छापेमारी की थी, तो उस दौरान प्रेम प्रकाश के वार्ड नंबर 11 का जो सीसीटीवी फुटेज मिला, उसमें यह दिखाई दे रहा है कि प्रेम प्रकाश घंटों जेल के बाहर के लोगों से न सिर्फ मुलाकात करता है, बल्कि खुलेआम जेल में मोबाइल का भी इस्तेमाल करता है। जेल में बंद अपराधियों और उग्रवादियों से इडी अधिकारियों पर हमले कराने की भी योजना बना रहा था।

तीन राज्यों में नये मुख्यमंत्री पर मंथन

नयी दिल्ली/रायपुर/भोपाल। तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में सरकार गठन को लेकर भाजपा में कवायद तेज है। दिल्ली से लेकर राज्यों तक नया मुख्यमंत्री चुनने को लेकर भाजपा में गहमागहमी का माहौल है। इसे लेकर मंथन जारी है।

राजस्थान: राज्य में नया सीएम चुनने के लिए भाजपा के विधायक दल की बैठक सोमवार को होगी। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभी विधायकों से बातचीत करेंगे। विधायक दल की बैठक के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य पर्यवेक्षक रविवार को जयपुर पहुंचेंगे। विधायकों को भाजपा कार्यालय से अगले दो दिन जयपुर में रहने के निर्देश दिये गये हैं।

छत्तीसगढ़: रायपुर में भाजपा विधायक दल की बैठक आज होगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत तीनों पर्यवेक्षक विधायकों के साथ बैठक करेंगे। विधायक दल की बैठक 12 बजे से शुरू होगी।

मध्यप्रदेश: भोपाल में 11 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इसमें नये सीएम का नाम तय होगा। विधायकों से रायशुमारी के लिए मनोहर लाल खट्टर समेत नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

जिनको कोई नहीं पूछता, उनको मोदी पूजता है : पीएम

- **प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से चर्चा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बात की। इसमें परधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े। लाभार्थियों से चर्चा के बाद उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरा मकसद है कि जहां, जिस गांव में ये यात्रा पहुंचे, हर व्यक्ति उस गाड़ी तक पहुंचे, तभी हम विकसित भारत के संकल्प तक पहुंच पायेंगे। मेरे लिए गरीब, वंचित, जिनको कोई नहीं पूछता, उनको ना केवल मोदी पूछता है, बल्कि पूजता है। मेरे लिए देश का हर गरीब, हर किसान वीआइपी है। प्रधानमंत्री शनिवार को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े। इस कार्यक्रम में देश भर से हजारों विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभार्थी वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान देश भर से दो हजार से अधिक वीबीएसवाइ वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भी जुड़े।

मुख्यमंत्री पहुंचे देवघर, सरकार की योजनाओं को गिनाया

पांच हजार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खुलेंगे: हेमंत सोरेन

- **'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को वर्ष 2025 तक एक ताकतवर राज्य बनायेंगे। पिछले दो दशकों से झारखंड पर पिछड़ेपन का जो टैग लगा था, उसे खत्म करेंगे। हम इस राज्य के लोगों को आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से इतना सशक्त बनायेंगे कि वे अपने दम पर अपना रास्ता तय कर सकें। जब यहां के लोग मजबूत होंगे तो निश्चित तौर पर राज्य भी मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ हम अपनी नीतियों और योजनाओं को न सिर्फ बना रहे हैं, बल्कि उसे धरातल पर पूरी शक्ति के साथ उतार रहे हैं। झारखंड एक युवा राज्य है। ऐसे में आपके सहयोग से झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को देवघर जिले की गौरीपुर पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास हर क्षेत्र में काम कर रही है। सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार संकल्पित है। हमारी सरकार ने फिलहाल 80 स्कूल

ऑफ एक्सीलेंस खोले हैं, जिनकी संख्या को बढ़ा कर 5000 करने का लक्ष्य है। उन्होंने छात्रवृत्ति योजना, विदेशों में उच्च शिक्षा, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी, समेत शिक्षा से जुड़ी अन्य योजनाओं का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यह सरकार गांव-गांव पंचायत-पंचायत पहुंच रही है, बल्कि लगातार तीसरी बार कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मैं भी कई शिविरों में शामिल होकर देखने का प्रयास कर रहा हूं कि लोगों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ किस तरीके से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों के सकारात्मक और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना कार्यक्रम का लक्ष्य है। जिनअधिकारियों ने गांव का मुंह नहीं देखा था, वे अब लोगों के घर-घर पहुंच कर समस्या का समाधान कर रहे। उन्होंने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, बच्चों की स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, रोजगार, किसान, गरीब वंचित के हित अदि की दिशा में सरकार द्वारा अब तक उठाये गये कदम और योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 255 करोड़ 54 लाख 1 हजार रुपये की 64 योजनाओं की आधारशिला रखी। विभिन्न योजनाओं के 5721 लाभुकों के बीच 7 करोड़, 97 लाख 66 हजार रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

गरीब झारखंड की अमीरी तो बंद है धनकुबेरों की आलमारियों में

■ छह सौ करोड़ का कारोबार, तीन सौ करोड़ से अधिक की नगदी घर पर

■ ऐसे ही नेताओं के कारण राज्य झेल रहा है गरीबी और पिछड़ेपन का कलंक

आजाद सिपाही विशेष

जब से झारखंड बना, कहा जाने लगा कि यह एक गरीब राज्य है। लेकिन एक सवाल हमेशा मेरे मन में तैरता है कि जिस राज्य के पास देश की 40 प्रतिशत प्राकृतिक संपदा का स्त्रोत हो, वह गरीब कैसे हो सकता है। सवाल जायज भी है। समय बीतने के साथ पता चला कि झारखंड का हमेशा इस्तेमाल ही हुआ है। यहां की प्राकृतिक संपदाओं का इस्तेमाल दूसरे राज्यों को संवारने में हुआ। इसके एवज में झारखंड को मिली गरीबी, विस्थापन का दंश और असीम भ्रष्टाचार की संभावनाएं। खैर झारखंड जैसे-तैसे आगे बढ़ा। राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार के बोझ तले झारखंड का विकास दबता चला गया। भ्रष्टाचार के मामलों में यहां के राजनेताओं ने रिकॉर्ड भी बनाया। लेकिन जब राजनीतिक स्थिरता आयी, तब भी झारखंड का विकास उसी ढर्रे पर रहा, जैसा पहले था। झारखंड का विकास रेंग रहा था। आज 2023 है और झारखंड 23 साल का हो चुका है। खबर आयी कि झारखंड के सबसे रईस परिवारों में से एक साहू परिवार के धीरज साहू के यहां आइटी का छापा पड़ा है। अब नोट निकलने लगे। पहले खबर आयी कि एक करोड़ कैश मिले हैं। फिर खबर आयी कि पांच करोड़ मिले। अब लोगों में चर्चाओं का दौर शुरू हुआ। कहा जाने लगा कि बहुत ज्यादा यह आंकड़ा जायेगा तो 10 करोड़ जायेगा। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया झारखंड ही नहीं देश की जनता का माथा चकराता गया। 20, 30, अरे 50 करोड़ मिला। जिस हिसाब से तीन राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद अडाणी के शेयर में उछाल आया था, उससे कहीं ज्यादा तेजी से कांग्रेस से राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से नोटों की गड्डियां मिलती गयीं। आंकड़ा 100 करोड़ पहुंचा। लगा अब बस। इससे ज्यादा नहीं मिलेगा। हो गया। लेकिन कुछ घंटों के बाद खबर फिर आयी कि कैश की गिनती 200 करोड़ के पार हो गयी है। आज यह आंकड़ा 300 की दहलीज को पार कर चुका है। गिनते जाइये, क्योंकि अभी सात कमरे खुलने बाकी हैं। उन कमरों में भी कई लॉकर हैं, जिसे अभी छुआ तक नहीं गया है। बैंक लॉकर की बात तो अलग। जेवर-जेवरात की तो अभी बात ही नहीं हो रही। चालीस मशीनें गिनती में लगी हैं। आधा दर्जन मशीनों ने दम तोड़ दिया। देश में सबसे ज्यादा मात्रा में प्राप्त होने वाली राशि किसी एक व्यक्ति के ठिकानों से यह पहली बार है। कहा जा रहा है कि अभी यह मात्र पांच आलमारियों से प्राप्त राशि है। अभी और आलमारी की गिनती बची है। यहां मेरे उस सवाल का जवाब मिल गया कि झारखंड गरीब राज्य क्यों है। अगर झारखंड की अमीरी धनकुबेरों की आलमारी में बंद रहेगी तो झारखंड गरीब ही रहेगा। यह तो बस शुरुआत मात्र है। आज झारखंड का गरीब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं की ईमानदारी के भाषणों को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। धीरज साहू के ठिकानों से बरामद बेहिसाब नगदी की पृष्ठभूमि में झारखंड की गरीबी के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

करीब पांच साल पहले एक फिल्म आयी थी, 'रेड' यानी छापा। हिंदी भाषा की वह फिल्म एक दबंग सांसद रामेश्वर सिंह उर्फ ताऊजी के यहां आयकर छापामारी पर आधारित थी। फिल्म का नायक अमय पटनायक (अजय देवगन) आयकर उपायुक्त होता है। छापामारी खत्म करने के बाद सरकारी गवाह और उस गांव के इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल को जब्ती सूची पर दस्तखत करने को कहता है। वह प्रिंसिपल उससे कहता है कि यह सब बेकार है। आप इसे ले जाकर सरकारी खजाने में जमा कर देंगे और सरकार जब इसे खर्च करने लगेगी, तो ऐसे ही लोग इसे दोबारा लूट लेंगे।

उस लोकप्रिय हिंदी फिल्म का यह दृश्य पिछले तीन दिन से लगातार आंखों के सामने कौंध रहा है, क्योंकि झारखंड के एक राज्यसभा सांसद के यहां से जो नगदी बरामद हो रही है, वह कुछ हद तक उस फिल्मी सांसद के यहां से हुई बरामदगी के बराबर है। झारखंड के इस सांसद का नाम है धीरज प्रसाद साहू और वह कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गये हैं। उनके ठिकानों पर चल रही आयकर छापामारी में अब तक तीन सौ करोड़ रुपये नगद बरामद हो चुके हैं, जबकि छापामारी अब भी जारी है। बरामद नोटों की गिनती करने में मशीनें भी हांफ रही हैं। इस बरामदगी की चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि यह उस झारखंड में हो रहा है, जो देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्यों की सूची में आता है।

आम तौर पर कोई भी बड़ा से बड़ा धनकुबेर कानूनन अपने घर पर पैसा ज्यादा नहीं रख सकता है। अगर आप टाटा-बिड़ला के यहां भी जायेंगे, तो वहां इतना नगद पैसा नहीं मिलेगा, जितना झारखंड के एक सांसद के ठिकानों पर मिल रहा है। यह तो केवल नगद है। हीरे-जवाहरात, अचल संपत्ति और निवेश के दूसरे माध्यमों का तो अब तक हिसाब भी नहीं लगाया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक गरीब राज्य के सांसद के पास कितनी संपत्ति है और सवाल यह भी है कि इतनी संपत्ति उस सांसद ने कैसे अर्जित की।

इत्र कारोबारी के पास भी मिली थी बेहिसाब नगदी

आज से करीब दो साल पहले कानपुर के इत्र कारोबारी पीयूष जैन के कानपुर स्थित आवास से 181 करोड़ रुपये नगद के बाद कन्नौज के घर की दीवारों, फर्श, सीलिंग और तहखानों से करोड़ों रुपये और सोना-चांदी के आभूषण बरामद हुए थे। महानिदेशालय जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआइ) और आयकर विभाग की कार्रवाई में करीब 110 करोड़ रुपये नकद और 275 किलो सोना-चांदी बरामद हुआ था। मशीनों से नोटों की गिनती का सिलसिला तीन दिनों तक चला था। सबसे बड़ी रकम पीयूष जैन के बेड रूम में दीवार के अंदर से मिली थी। इसके अलावा सीढ़ियों के अंदर बने होल से भी कुछ रुपये मिले थे। बरामद रुपयों में दो हजार, पांच सौ, सौ और दस-दस के नोट थे। कारोबारी के घर की दीवारों को तोड़ने के लिए करीब 10 मजदूर लगाये गये थे। इन लोगों ने गैस वेल्डिंग कटर और छेनी-हथौड़ों से दीवारों और लॉकरों को तोड़ा था। दरवाजों को खोलने के लिए डुप्लीकेट चाबी बनाने के लिए पांच कारीगरों को लगाया गया था।

कौन हैं धीरज प्रसाद साहू

धीरज साहू झारखंड से राज्यसभा के सांसद हैं। वह तीसरी बार सांसद चुने गये हैं। राजनीति के अलावा धीरज साहू के परिवार का पुराना कारोबार है। शराब का कारोबार धीरज साहू के पिता के समय से ही चलता आ रहा है। साहू परिवार झारखंड के लोहरदगा का रहनेवाला है और इसका अधिकतर कारोबार ओड़िशा में चलता है। धीरज साहू चतरा से दो बार लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन जीत नहीं सके। धीरज साहू तीसरी बार झारखंड से राज्यसभा सांसद बने हैं। उनके पिता राय साहब बलदेव साहू भी उद्योगपति थे। 64 वर्षीय धीरज साहू के भाई दिवंगत शिव प्रसाद साहू रांची से लोकसभा सांसद रहे हैं। 2018 के राज्यसभा चुनाव में धीरज साहू ने अपनी संपत्ति 38 करोड़ रुपये बतायी थी। उसमें उन्होंने 6 करोड़ रुपये कर्ज भी दिखाया था।

धीरज साहू का जन्म नवंबर 1959 में हुआ। उन्होंने स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद राजनीति में कदम बढ़ा दिये। जुलाई 2010 में धीरज साहू पहली बार कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सांसद चुने गये थे। 2018 में धीरज एक बार फिर झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद बनाये गये। धीरज साहू को राजनीति विरासत में मिली। उनका परिवार आजादी के बाद से ही कांग्रेस से जुड़ा हुआ है। 1977 में राजनीति में आनेवाले धीरज 1978 में जेल भरो आंदोलन में जेल गये थे।

कैसे जमा किया होगा इतना पैसा

अब लोग सोच रहे हैं कि आखिर धीरज साहू ने इतना पैसा कैसे जमा किया होगा, वह भी पांच सौ, दो सौ और एक सौ रुपये के नोटों में। यह मान भी लिया जाये कि यह सारा पैसा कारोबार का है, तो भी आखिर साहू परिवार के कारोबार का आकार कितना बड़ा है। इस परिवार द्वारा जो कारोबार घोषित किया गया है, उसके अनुसार इनकी सभी कंपनियों का कुल टर्नओवर छह सौ करोड़ रुपये है। छह सौ करोड़ रुपये का कारोबार करनेवाली कंपनी के मालिक के यहां से यदि तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक नगद बरामद हो रहे हैं और वह भी पांच सौ, दो सौ और एक सौ रुपये के नोटों की शक्ल में, तो यह सवाल भी उठता है कि यह रकम तो दो हजार के नोट का चलन बंद होने के बाद, यानी 30 नवंबर के बाद की है। या फिर धीरज साहू ने अपने पास रखे दो हजार रुपये के सारे नोट समय रहते बदल लिये थे। इन सबकी जांच अभी की जानी है।

कहां इस्तेमाल होता है काला धन

आज के दौर में लोकतांत्रिक व्यवस्था में काले धन का इस्तेमाल या तो सांसदों-विधायकों की खरीद-बिक्री के लिए किया जाता है या फिर घूसखोरी के लिए। ऐसे में भाजपा के इस आरोप को कैसे गलत ठहराया जा सकता है कि धीरज साहू के ठिकानों से जो अकूत रकम बरामद हुई है, उसका इस्तेमाल इसी तरह की अनैतिक और गैर-कानूनी गतिविधियों में नहीं किया जा रहा होगा या किया जाता। इन सवालों का जवाब तो अब धीरज साहू और कांग्रेस को देना ही होगा।

छह सौ करोड़ का कारोबार, तीन सौ करोड़ से अधिक नगदी घर पर

साहू परिवार रईस परिवार है। पुराना कारोबारी। लेकिन छह सौ करोड़ के कारोबार वाले परिवार में तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की नगदी सवाल खड़ा कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि नियमों-कानूनों का उल्लंघन कर ही अकूत धन इकट्ठा किया गया है। उनके ठिकानों से जितना पैसा बरामद किया गया है, उससे कई गांवों और शहरों की तस्वीर बदल सकती है। लोहरदगा की पहचान एक नक्सलग्रस्त गरीब जिले के रूप में होती है और झारखंड की पहचान पिछड़ेपन से होती है। इस लोहरदगा और झारखंड ने साहू खानदान को इज्जत दी, प्रतिष्ठा दी, प्यार दिया, सम्मान दिया और आज उस परिवार के पास से इतनी अकूत संपत्ति सामने आ रही है। धीरज साहू के यहां हुई इस छापेमारी से एक बात सबके सामने आ गयी कि आखिर कैसे एक पिछड़े राज्य में काला धन जमा किया जा रहा है। यहां के गरीब एक किलो अनाज के लिए घंटों दूरी तय कर सरकारी दुकान पर जाते हैं, एक हजार रुपये पेंशन के लिए दिन भर बैंक की लाइन में लगे रहते है, लेकिन धीरज साहू के पैसे को देख कर सभी के होश उड़ गये हैं। लोग चर्चा कर रहे हैं कि पिछड़े झारखंड में सिर्फ आम आदमी बदहाल है, नेता और अधिकारी तो मालमाल हैं।

छापामारी के बाद शराब भट्ठियों में काम कर रहे मजदूर भागे

पड़ताल

आयकर विभाग ने धीरज साहू के ठिकानों पर बुधवार 6 दिसंबर को छापेमारी शुरू की थी। 7 दिसंबर तक शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के कार्यालय में नोटों से भरी 30 आलमारियां मिली थीं। आलमारियों में 500, 200 और 100 रुपये के नोट के बंडल रखे गये थे। नोटों से भरे कई बैग भी मिले। हालांकि आलमारियों में कितना कैश था, इसकी जानकारी आइटी टीम ने नहीं दी। अभी लॉकरों को खोला जाना बाकी है। गुरुवार की शाम तक 260 करोड़ का कैश मिल चुका था। इसके बाद यह राशि बढ़ती चली गयी। इसके बाद, शुक्रवार को आयकर विभाग को ओड़िशा के टिटलागढ़ में शराब कारोबार संभालने वाले संजय साहू और दीपक साहू के घर से 8 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। राइस मिलर और ट्रांसपोर्टर राजकिशोर जायसवाल के ठिकानों से भी बड़ी रकम जब्त हुई। ओड़िशा के बौध जिले की राइस मिल और बौध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड में शुक्रवार को देर शाम छापेमारी हुई। यहां से भी कैश मिलने की खबर है।

कहां-कहां छापा

ओड़िशा में बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और इससे जुड़े परिसरों में छापेमारी, बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के ठिकाने (यह बौध डिस्टिलरी की पाटर्नशिप फर्म है), बौध डिस्टिलरी के भुवनेश्वर स्थित कॉरपोरेट ऑफिस और अधिकारियों के घर, बोलांगीर के सुदापाड़ा और टिटलागढ़ के दो शराब व्यापारियों के घर, रांची के रेडियम रोड पर बना सुशीला निकेतन (सांसद का घर), लोहरदगा स्थित सांसद धीरज साहू के घर पर चल रही आयकर विभाग की दबिश।

नोटों में नमी, आधा दर्जन मशीनें खराब

लंबे समय से आलमारी में रखे होने के कारण नोटों में नमी आ गयी है, जिसकी वजह से नोट एक दूसरे से चिपक गये हैं। नोट गिनने के दौरान अब तक आधा दर्जन मशीनें खराब हो चुकी हैं, इस कारण गिनती में देर हो रही है। भुवनेश्वर से बड़ी मशीनें मंगायी गयी हैं। गिनती अब तक जारी है।

कंपनी के कर्मचारियों ने 500-500 के नोटों को फाड़कर फेंकना शुरू किया

आयकर की छापेमारी को देखते हुए बौध जिला स्थित बौद्ध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों ने 500-500 के नोटों को फाड़कर फेंकना शुरू कर दिया। आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान जब कंपनी के चहारदीवारी के आसपास देखा तो पाया कि पांच-पांच सौ के नोट फाड़कर फेंके हुए हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों ने नोटों को जब्त कर लिया। फटे हुए नोट चहारदीवारी के अलावा बॉटलिंग प्लांट के बॉयलर के नजदीक मिले।

250 से अधिक शराब दुकानें, कर्मचारी भागे

बलदेव साहू संस एंड ग्रुप की ओड़िशा में 250 से अधिक शराब की दुकानें हैं। आयकर की छापेमारी के बाद बोलांगीर जिले की 42 दुकानों के कर्मचारी दुकानें बंद कर भाग गये हैं। उन्हें गिरफ्तारी और पूछताछ का डर है। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर नोटों की जब्ती और गिनती सहित पूरे अभियान पर नजर रख रहे हैं। इस सिलसिले में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

40 एकड़ में फैली है बौद्ध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी

बौद्ध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड भुवनेश्वर से करीब 200 किलोमीटर दूर स्थित बौध जिले में है। यह 40 एकड़ में फैली है। इस ग्रुप के निदेशकों में अमित साहू, रितेश साहू और उदय शंकर प्रसाद का नाम है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक नोटों की गिनती पूरी होने के बाद ही कंपनी से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा सकती है। कहा जाता है कि यह शराब बनाने और बिक्री करने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	23.3 ℃	12.2 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.04 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.19 बजे

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 10 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

धीरज साहू के यहां छापामारी, शुरू हो गया पोस्टमार्टम

करप्शन और कांग्रेस का चोली दामन का संबंधः दीपक प्रकाश

आखिर कैश कांड पर हेमंत सोरेन की चुप्पी का राज क्या है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने धीरज साहू के ठिकानों पर पड़े आइटी छापा और करोड़ों रुपये की बरामदगी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। साथ ही झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से झामुमो की चल रही सरकार से इस्तीफे की मांग की।

श्री प्रकाश ने कहा कि क से कांग्रेस और क से करप्शन, क से कैश यानी कि कांग्रेस और करप्शन का चोली-दामन का संबंध है। जब-जब कांग्रेस सत्ता में आयी है, चाहे वह केंद्र की सत्ता में हो या राज्य की सत्ता में, भ्रष्टाचार को बोलबाला रहा है। देश में कांग्रेस की सरकार के समय कई घोटाले इस बात की ओर साफ इंगित करते हैं कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय हैं।

श्री प्रकाश ने कहा कि जिस कांग्रेस के नेता राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं, उनका कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से प्रगाढ़ संबंध हैं। वे उनके दुलारे और प्यारे हैं। अभी तो सिर्फ कैश बरामद हुए हैं। अभी आगे देखिये, हजारों करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति का पता लगना बाकी है। इस केस की जांच इडी और सीबीआइ से अगर हो, तो इससे और अधिक धनराशि के पकड़े जाने की संभावना है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को भ्रष्टाचार का पोषक और संरक्षक बताया। वहीं मोदी सरकार को भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने की गारंटी करार दिया। श्री प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अब तक की चुप्पी पर संदेश जाहिर करते हुए कहा कि कहीं इस पैसे में हेमंत सोरेन का भी हिस्सा हो, इसलिए वह चुप हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन से तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि अब हेमंत सोरेन सरकार को एक क्षण के लिए भी सत्ता में बैठने का अधिकार नहीं है।

500 करोड़ मिले तो भी आश्चर्य नहीं : निशिकांत

आठ लॉकर और दस कमरे खुलने अभी बाकी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापामारी को लेकर सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि सुबह तक मेरे पास जो जानकारी थी, उसके मुताबिक 290 करोड़ रुपये कैश गिने गये हैं, आठ लॉकर हैं, जो अभी खुलने बाकी हैं और 10 कमरे खुलने बाकी हैं। अगर यह संख्या 500 करोड़ रुपये तक पहुंच जाये, तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। 500 करोड़ रुपये केवल नकद हैं, तो संपत्ति 1000 करोड़ रुपये की हो सकती है। कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं। कांग्रेस ने इस देश की पूरी अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया है।

भाजपा वालों को पेट में दर्द क्यों हो रहाः सुप्रियो भट्टाचार्य

धीरज साहू प्रकरण में नैरेटिव सेट करने की साजिश रची जा रही

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापामारी प्रकरण में झामुमो ने भाजपा पर पलटवार किया। केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि आइटी रेड को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। इस मामले में जब तक आधिकारिक तौर पर सारी बात सामने नहीं आ जाती, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। पूरे प्रकरण में एक नैरेटिव सेट करने की साजिश रची जा रही है।

कहा कि यह तो आइटी विभाग का रूटीन कार्य है। इससे पहले किसी उद्योगपति के यहां छापेमारी नहीं हुई है क्या? पैसा किसका है? कहां से आया है। ये सब आइटी के अधिकारी पता कर लेंगे। सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर भाजपा वालों को पेट में दर्द क्यों हो रहा है? भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि लगता है कि बाबूलाल जी को सब पता है कि किसका-किसका पैसा है, कहां से आया है। अगर बाबूलाल के इस बयान का आधार क्या है और यदि आधार नहीं है, तो शर्म आनी चाहिए। कहा कि जिस प्रकार राज्य सरकार लगातार लोगों तक पहुंच रही है। इससे भाजपा में खलबली है। इस तरह की बातें कोई राष्ट्रीय पार्टी का जिम्मेदार पदाधिकारी करे, तो यह बहुत ही अशोभनीय है।

पीएम दिखायें गंभीरता

सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री संवैधानिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं और संसद का सत्र भी चल रहा है, लेकिन वे अखबार में प्रकाशित खबर को पोस्ट कर देते हैं और भाजपा के सारे नेता डमरू लेकर शुरू हो जाते हैं। इस प्रकरण को जबरदस्ती राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। यह गलत है।

जिला मुख्यालयों में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

धीरज साहू के ठिकाने से 300 करोड़ मिलने पर भाजपा आक्रामक

रांची। सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 करोड़ से ज्यादा नकदी मिलने और प्रधानमंत्री का इस संबंध में ट्वीट के बाद भाजपा आक्रामक है।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस-झामुमो पर कड़ा प्रहार किया था। करोड़ों नकद राशि को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बताते हुए धीरज साहू पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा के विधायकों ने प्रेसवार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा की गयी मांगों को दोहराया गया और कांग्रेस-झामुमो के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के इतिहास को उजागर किया गया। रविवार को सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। शनिवार को रांची-जमशेदपुर, सीपी सिंह, खूंटी-नीलकंठ सिंह मुंडा, गुमला-सांसद सुदर्शन भगत, सिमडेगा-कोचे मुंडा, लोहरदगा-समरी लाल, पुष्पा देवी, पलामू-रामचंद्र चंद्रवंशी, गढ़वा-भानु प्रताप शाही, चतरा-किशुन दास, लातेहार-आलोक चौरसिया, हजारीबाग-जेपी पटेल, कोडरमा-नीरा यादव, गिरिडीह-केदार हाजरा, धनबाद-राज सिन्हा, बोकारो-बिरंची नारायण, जामताड़ा-ढुल्लू महतो, दुमका-रणधीर सिंह, पाकुड़-साहिबगंज अनंत ओझा, चाईबासा और सरायकेला खरसावां में अपर्णा सेन गुप्ता ने झामुमो-कांग्रेस पर हमला बोला।

हजारों करोड़ लेकर फरार व्यापारी पर ट्वीट क्यों नहीं : आलोक दुबे

धीरज साहू पर पीएम के ट्वीट को कांग्रेसियों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लेकर प्रधानमंत्री के ट्वीट को कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि देश के हजारों करोड़ों रुपये लेकर बड़े-बड़े व्यापारी फरार हो गये, उनको लेकर प्रधानमंत्री ने आज तक कोई ट्वीट नहीं किया।

कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तो इसके तार सोनिया गांधी, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन से तो जोड़ा ही है, उनका बस चले तो अमेरिका, इटली, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से भी अगर तार जोड़ दें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस प्रकरण में न तो आइटी की तरफ से कोई बयान आया है। भाजपा नेताओं को धैर्य रखकर सच्चाई का इंतजार करना चाहिए।

परिवार को बदनाम करना उचित नहीं: शाहदेव

कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि झूठी खबरें फैलाकर पूरे परिवार को बदनाम करना उचित नहीं है। एजेंसियां सच्चाई सामने लाये, इससे किसी को इनकार नहीं हो सकता है। धीरज साहू कांग्रेस के सांसद हैं, इसलिए षड्यंत्र करना कहीं से उचित नहीं है। कहा कि भाजपा नेताओं के पास हजारों करोड़ हैं, वहां क्यों नहीं छापेमारी होती है।

परिवार का चरित्र हनन किया जाना उचित नहीं : राजेश

डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पूरा देश जानता है कि भाजपा की सरकार जबसे देश में आयी है, सब जानते हैं कि जनादेश किसी को भी मिले, सरकार भाजपा की ही बनेगी। गोवा, मध्य प्रदेश, मणिपुर, महाराष्ट्र, झारखंड इसके कुछ उदाहरण हैं। जिस परिवार का देश और राज्य में सकारात्मक योगदान रहा है, उस परिवार का चरित्र हनन किया जाना उचित नहीं है।

नोट किसके हैं, पहले मौन तो टूटेः सरयू

रांची। धीरज साहू के ठिकानों से बरामद रुपयों पर विधायक सरयू राय ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सही में सांसद धीरज साहू खानदानी शराब कारोबारी हैं। झारखंड में कांग्रेसी राजनीति की आर्थिक रीढ़ हैं, पर आलमीरों में बंद पड़े ये नोट तो नोटबंदी के बाद सात साल के भीतर उपजे हैं। किसके हैं, व्यक्ति के, पार्टी के, सरकार के, मौन तो टूटे। जवाब आये। स्रोत कोई भी हो, नोट तो जनता की हकमारी के ही हैं। पूरे देश में इस नोट बरामदगी की चर्चा है। लोग अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या कर रहे हैं।

कांग्रेस ने घोटाले का नया कीर्तिमान बनाया हैः हाजरा

धीरज साहू के ठिकाने से बरामद 300 करोड़ मामले में भाजपा ने हेमंत सरकार से मांगा इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों पर आइटी रेड के दौरान बरामद 300 करोड़ से अधिक नकद मामले में भाजपा ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के इस्तीफे की मांग की।

जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जमुआ विधायक केदार हाजरा और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने धीरज साहू और कांग्रेस पर हमला बोला। इस दौरान नेताओं ने कहा कि रविवार को स्थानीय भाजपा इकाई शहर में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेगी, जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर जमुआ विधायक केदार हाजरा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही देश में घोटाला का रहा है। कांग्रेस को जब-जब मौका मिला, तब-तब इसने देश में घोटाले का नया कीर्तिमान बनाया है। केदार हाजरा ने कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद तीन सौ करोड़ से अधिक नकद इसकी बानगी है, अभी आइटी की कार्रवाई जारी है, तो तय है कि और नकदी मिले। लेकिन हैरानी की बात है कि सीएम हेमंत सोरेन और प्रदेश कांग्रेस के सारे नेताओं के साथ नये गठबंधन के नेता भी धीरज साहू के मामले में मुंह बंद किये हुए हैं।

जमुआ विधायक ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ही 725 करोड़ का घोटाला हुआ और इसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों जमानत पर हैं। इससे साफ है कि कांग्रेस जिसे अपना सहयोगी बनाती है, उसे भी भ्रष्टाचारी बना देती है। हेमंत सरकार को तो तुरंत धीरज साहू मामले में इस्तीफा देना चाहिए।

भाजपा नेता सुरेश साहू ने कहा कि हेमंत सरकार की गरीबों वाली सरकार होने के दावे का सच सामने आया है। क्योंकि हर रोज धनबाद, गिरिडीह से करोड़ों रुपये हेमंत सरकार के पास जा रहे हैं। सरकार के गिरिडीह के नुमाइंदे ही हेमंत सोरेन के पास करोड़ों रुपये हर माह भेजते हैं। ऐसे में हेमंत सरकार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। प्रेसवार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुन्नूकांत, जिला महामंत्री संदीप डंगाइच, सुभाष चंद्र सिन्हा, किसान मोर्चा के दिलीप बर्मा, भाजपा नेत्री शालिनी वैशखियार समेत कई नेता शामिल थे।

मोदी सरनेम वाले को बचाने में लगे हैं पीएमः राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां से भारी मात्रा में नोटों की बरामदगी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गढ़वा में कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने जाने के दौरान शनिवार को मेदिनीनगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कुछ देर के लिए ठहरे थे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा में पार्टी मजबूती के साथ काम कर रही है। आने वाले समय में सुखद परिणाम इंडिया गठबंधन में देखने को मिलेगा। कहा कि पहले जो लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे, उनके लिए सरकार पंचायत स्तर पर जाकर कार्य कर रही है।

खानदानी अमीर हैं धीरज साहूः जिलाध्यक्ष

जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद धीरज साहू के यहां से बरामद नोटों के मामले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। कहा कि धीरज साहू का 100 वर्ष पुराना व्यापारी घराना रहा है। वह खानदानी अमीर हैं।

निशाना साधा : झामुमो प्रवक्ता का बयान चोरी और सीना जोरी

झामुमो बताये, किस कानून में इतना कैश रखने की इजाजतः प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो में केवल सरकार चलाने का गठबंधन नहीं हुआ है, बल्कि एक-दूसरे के भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ भी बोलने का समझौता है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो नेताओं के भ्रष्टाचार उजागर होते हैं, तो कांग्रेस पार्टी उनके बचाव में आंदोलन करती है। जब कांग्रेस का मामला उजागर होता है, तो झामुमो बचाव में आ जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो की यह दोस्ती पुरानी है। श्री वर्मा ने कहा कि झामुमो यह क्यों नहीं बता रहा कि आखिर किस कानून में 300 करोड़ से भी अधिक नकद रुपये घर में रखने की इजाजत है? झामुमो का शर्म हया पहले ही खत्म हो चुका है। भ्रष्टाचार कांग्रेस-झामुमो के डीएनए में है।

इडी के समन के बाद भी नहीं जा रहे सीएम

प्रदीप वर्मा ने कहा कि झामुमो प्रवक्ता खुद असमंजस में विरोधाभासी बयान दे रहे हैं। एक तरफ कहते हैं कि जांच एजेंसी बतायेगी तब मानेंगे। दूसरी तरफ झारखंड में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ इडी ने कई बार एफआइआर करने के लिए पत्र लिखे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कुंडली मारकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो पूछताछ की बात कर रहा है, लेकिन दूसरी ओर मुख्यमंत्री इडी के पांच समन के बाद भी पूछताछ के लिए नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना देखा है। वह साकार भी हो रहा है।

आइआइटी आइएसएम का स्थापना दिवस मना

राज्यपाल ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आइआइटी आइएसएम का 98वां स्थापना दिवस शनिवार को संस्थान के गोल्डन जुबली हॉल में मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद पशुपतिनाथ सिंह तथा संस्थान के निदेशक जेके पटनायक सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। राज्यपाल ने आइआइटी आइएसएम के शैक्षणिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने संस्थान के शैक्षणिक गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए व्याख्याता से आह्वान किया कि वह संस्थान को और बेहतरीन की ओर ले जाने का हर संभव प्रयास करें। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के दिनों में इस संस्थान ने जो भी उपलब्धि अर्जित की है वह काबिले तारीफ है। वहीं सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि खनन के क्षेत्र में पहले से ही महत्वपूर्ण आइएसएम में आईआइटी के जुड़ने से और भी निखार आ गया है। संस्थान के निदेशक जेके पटनायक ने हाल के दिनों में संस्थान की उपलब्धियों की चर्चा की। इससे पूर्व उनके आगमन पर आयोजन स्थल के मुख्य द्वार पर धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार ने राज्यपाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं: 1, ई निविदा सं० : पूमरे– मुप्रअ– नि– द– ईटीईएन – 54 –23–24 दो पैकेट सिस्टम कार्य का नाम : Dy.CE/C/ बरकाकाना के अंतर्गत बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी.रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144)–सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 160.600 से 169.854 (किमी 163.150 से 163.300 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। अंकलित मूल्य (रू): 32,01,11,353.10 बोली प्रतिभूति (रू): 17,50,600.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 09 महीने, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 28.12.2023, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना
पीआर/01834/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/52

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई निविदा सं० : पूमरे– मुप्रअ– नि– द– ईटीईएन – 55–23–24 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम : Dy.CE/C/ बरकाकाना के अधीन बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी.रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144)–सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में 143.144 से 152.520 (किमी 148.100 से 148.800 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। अंकलित मूल्य (रू): 31,46,26,855.50, बोली प्रतिभूति (रू): 17,23,100.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 09 महीने, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 29.12.2023, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना
पीआर/01835/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/52

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,रोजी-रोजगार के क्षेत्र में उलझनों का निवारण,आर्थिक स्थिति में सुधार।

वृष जोखिम भरा काम नहीं करना चाहिए,स्वजनों के स्वास्थ्य की चिंता होगी।

मिथुन परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा. परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, शारीरिक स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

कर्क संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता।

सिंह वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

कन्या निराशा का समापन, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

तुला मन को शांति मिलेगी, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

वृश्चिक अवसरों का फायदा उठावें, कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा।

धनु संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी. नवीन व्यापारिक योजना सफल।

मकर धार्मिक कार्य में रुचि होगी. विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा

कुंभ जमीन-मकान, स्थिर संपत्ति से संबंधित काम सिद्ध होंगे. रोजी-रोजगार में अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

मीन राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

मुखिया ने कंडसार बिरहोर टांडा में बांटे कंबल

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कंडसार बिरहोर टांडा में प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदवंती देवी पंचायत के मुखिया बीणा देवी पंचायत सचिव गजाधर साव के द्वारा संयुक्त रूप से कुल 60 कंबल वितरण किया गया। शरद मौसम में बढ़ती ठंड को देखते हुए पिछले प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिम जनजाति परिवार को झारखंड सरकार द्वारा कंबल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया बीणा देवी द्वारा यह भी कहा गया कि पैसे की लोभ लालच में आपसब इस कंबल को खरीद बिक्री नहीं करेंगे, और इसका उपयोग ठंड से बचने के लिए करेंगे। साथ ही उपमुखिया राकेश कुमार सिंह द्वारा यह भी कहा गया कि आने वाला समय में अगर शीत लहरी व अत्यधिक ठंड हो तो लकड़ी और कोयला को एक जगह जलाकर उसका ताप को अवश्य लेंगे। साथ ही साथ आप सभी आगे शराब का सेवन नहीं करेंगे और अपने घर परिवार के बच्चों को नित्य दिन विद्यालय पढ़ने के लिए भेजेंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदवंति कुमारी, मुखिया बीणा देवी, पंचायत सचिव गजाधर साव, उप मुखिया राकेश कुमार सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार सिंह, सुधीर कुमार मिर्धा, नीतीश कुमार मेहता लाभुक मसोमात अकली बिरहोरनी, आतो बिरहोर, बसंती देवी, विजय बिरहोर, रीना बिरहोर, कार्तिक बिरहोर, धूजा बिरहोर, प्रमिला देवी, कालेश्वर बिरहोर, सुनीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

डीएवी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल में सभी को जागरूक और अपने अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी में भाषण कक्षा नवमी की तेजस्वी ने दिया। उन्होंने सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए बताया कि मानवाधिकारों में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। मानवाधिकार वे मौलिक प्राकृतिक अधिकार हैं जो यह बताता है कि जाति, राष्ट्रीयता, धर्म लिंग आदि के आधार पर मनुष्य को उत्पीड़ित नहीं किया जा सकता। अंग्रेजी में भाषण कक्षा आठवीं की आकांक्षा त्रिवेदी और निहारिका ने दिया। उन्होंने बताया हर साल संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिन को मनाने की थीम की घोषणा की जाती है। इस साल इसकी थीम भविष्य में मानवाधिकार संस्कृति को समेकित और कायम रखना है। विद्यालय के बच्चों ने लघु नाटिका द्वारा सभी को उनके अधिकारों से सजग करवाया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने सभी बच्चों का ज्ञानवर्धन करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा हर साल 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कार्यक्रम की खूब सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिनेश कुमार दुबे, जयदेव आचार्य, अपूर्वा सरकार और बलराम मिश्रा को धन्यवाद कहा।

कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में कोडरमा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 77वां जन्मोत्सव केक काटकर और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बड़े धूमधाम से मनायी गयी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेत्री लीलावती मेहता ने उनके जन्मदिन पर शुभकामना दी। मौके पर बेबी सिंहा, लक्ष्मण यादव, राकेश पांडे, फैयाज अब्बू केशर, उपेंद्र सिंह, राम लखन पासवान, सुभाष सिंह यादव, सरवन सिंह, मिसबाउद्दीन, राजू सिंह, आशा देवी, रोहित कुमार, गिरी मोहम्मद, चांद आलम, हृदयनंद मिश्रा, कुंदन साव, अनिल यादव, बबलू तिवारी, सीता साव, लाल मोहन साव, मंतोष कुमार, दिलीप राम, विकास कुमार, गुड्डू कुमार, विशाल कुमार, उर्मिला देवी, लखन यादव, सुनील साहू, मनोज कुमार, अशोक साहू, पुष्कर यादव, सिकंदर यादव, ब्रह्मदेव साहू, बसंत कुमार, वीरेंद्र कुमार राणा, डोली खातून मौजूद थे।

19 को होगी सूर्यकुंड मेले की नीलामी

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मकर संक्रान्ति के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक सूर्यकुंड मेले की नीलामी 19 दिसंबर को की जायेगी। इस बाबत अंचल अधिकारी कांत लाल मांझी ने पत्रांक संख्या 480 निर्गत करते हुए बताया कि प्रसिद्ध सूर्यकुंड मेले की नीलामी के लिए सुरक्षित जमा राशि 23 लाख 13 हजार दो सौ पच्चीस रुपये है। उन्होंने बताया कि डाक की बोली 19 दिसंबर दोपहर 12 बजे अंचल कार्यालय कक्ष में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित समय पर आकर अपने पहचान पत्र और सुरक्षित जमा राशि का 15 प्रतिशत 3 लाख 46 हजार 9 सौ 84 रुपये अंचल नजारत में नीलामी के पूर्व जमा करना अनिवार्य है। साथ ही डाक समाप्ति होने के पश्चात उच्चतम डाक वक्ता को नीलामी की राशि नियमानुसार अंचल नजारत में अंचल नाजीर के पास बैंक ड्राफ्ट या नगदी राशि जमा करना होगा। शेष डाक वक्ता को सुरक्षित जमा राशि वापस कर दी जायेगी।

मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में बांटे स्वेटर

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के साढ़ पंचायत के बेलवा टोला और होरम आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को मुखिया सुलेखा कुमारी ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर सभी बच्चों को दो-दो सेट स्वेटर दिये गये। मुखिया सुलेखा कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए हुए पोशाक बच्चों के बीच वितरण कर रहे हैं सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ बढ़ते ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच पोशाक उपलब्ध किया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका पूनम कुमारी, सहायिका, वार्ड सदस्य छोटू महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

कोडरमा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

15072 वादों का निष्पादन, 25.51 करोड़ की वसूली

संजीव

कोडरमा(आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, और सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि लोक अदालत अब आम लोगो के लिए काफी लाभकारी साबित हो रहा है इससे लोगो का काफी लगाव इसके प्रति बढ़ा है । जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊंचा है। उपविकास आयुक्त ऋतु राज ने कहा कि लोक अदालत आज के समय में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष डॉ आरके तिवारी ने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है, इसमें कोई पक्ष हारता नहीं है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा ने प्राधिकार के सभी कार्यकर्मो में अपना भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने किया जबकि संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल नौ बेंचो के माध्यम से कुल 15072 वादों का निष्पादन किया गया जिसमे लंबित वादों की संख्या 257 तथा प्री-लिटिगेशन के 14815 मामले शामिल है। जबकि विभिन्न विभागों से 25 करोड़ 51 लाख 69 हजार 589 रुपये राजस्व की वसूली की गयी। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार वर्मा, मुंसिफ दानिश नवाज, कोडरमा बीडीओ सुमन गुप्ता, एलडीएम निवास कुमार, स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग के पदाधिकारी और विभिन्न बैंकों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयकर्मी रंजीत कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार, अनील कुमार सिंह, संजय कुमार, प्रमोद कुमार चौधरी, अनिल गुप्ता, दीपक कुमार, मनोज कुमार, कुमार संजय, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, राजीव कुमार, महेंद्र नारायण, अभिमन्यु कुमार सहित अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार गण मौजूद थे।

एनटीपीसी ने मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देकर किया प्रोत्साहित

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपने सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत परियोजना प्रभावित गांवों में कई कार्यक्रम चला रहा है। इन कार्यक्रमों में जहां ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास जिनमें सड़क, डीप बोरवेल, हैंडपंप दी जा रही है वहीं परियोजना प्रभावित बच्चों के उत्थान के लिए बेहतर प्रशिक्षण से लेकर मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। पकरी बरवाडीह ने वित्तीय वर्ष 2023 में अपने उत्कर्ष स्कॉलरशिप के माध्यम से दर्जनों बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप मुहैया करवाई है। अपने इसी क्रम को जारी रखते हुए आज पुनः पकरी बरवाडीह के द्वारा 18 मेधावी बच्चों को स्कॉलरशिप दी गयी। परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने मेधावी छात्रों को चेक देकर सिकरी स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में उनका हौसला बढ़ाया। परियोजना प्रभावित कोदवे, होरम और कटकमदाग जैसे गांवों के बच्चों को स्कॉलरशिप दी गयी है। इस मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने कहा कि आप ऐसे ही मेहनत करके आगे बढ़ते रहे हैं हम आपकी हर तरह की सहायता करेंगे। इस मौके पर परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने कहा कि आप ऐसे ही मेहनत करके आगे बढ़ते रहे हम आपकी हर तरह की सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी आपके बेहतर भविष्य के लिए हमेशा तत्पर है। इस मौके पर महाप्रबंधक भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास और पुनर्स्थापन पंकज ध्यानी ने बच्चों को समझाया कि पैसे कभी भी आपकी पढ़ाई में बाधा नहीं बन सकते, आप मेहनत करें रास्ते स्वयं आगे बनते जायेंगे।

इस विशेष कार्यक्रम में नीरज जलोटा, पंकज ध्यानी के अलावा मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, एस के सेनापति के साथ साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में मानव अधिकार पर व्याख्यान

मानव अधिकार और पुलिसिया कार्रवाई के मध्य उत्पन्न द्वंध को पाटने की आवश्यकता है: डीआईजी संजय रंजन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में मानव अधिकार पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक सह डीआइजी, संजय रंजन सिंह ने मानव अधिकार पर व्याख्यान प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार में उल्लंघन तथा दुरुपयोग के मध्य एक प्रकार का द्वंध है। अपराधी अपने मानव अधिकार का दुरुपयोग करते हैं। वही जब पुलिस के द्वारा अपराधियों पर कार्रवाई की जाती है तो उल्लंघन के मामले उठाये जाते हैं। इस द्वंध को समझने की और पाटने की आवश्यकता है। उन्होंने मानव अधिकार और पुलिस के बीच के रिश्तों पर विस्तार से चर्चा की।

विशिष्ट वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मोख्तार आलम ने बताया कि अब मानव अधिकार को वैधानिक शक्ति प्राप्त हो गई है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन या दुरुपयोग को दंडनीय अपराध माना गया है। लोगों में इस विषय पर जागरूकता की कमी मानव अधिकार की सबसे बड़ी चुनौती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ प्रमोद कुमार ने मानव अधिकार के विकास में भारत की वसुधैव कुटुंबकम की प्राचीन परंपरा के योगदान को बताया। भारत के संविधान निर्माण के काल में संविधान सभा में मानव अधिकार के बिंदुओं पर हुए विमर्श पर प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि जब हम मानवीय कर्तव्यों का पालन करेंगे तभी मानव अधिकार को प्रभावी रूप से स्थापित करना संभव होगा।

विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने मानव अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

इससे पूर्व डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए व्याख्यान के विषय का प्रवेश किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ मार्केट लकड़ा ने किया।

विभाग के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट कर आभार व्यक्त किया गया। डीआइजी संजय रंजन सिंह ने झारखंड पुलिस अकादमी के भ्रमण के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में समाज विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्र देवघरिया, विभागीय शोधार्थी और बड़ी संख्या में तृतीय व प्रथम समसत्र के विद्यार्थी उपस्थित थे।

मनरेगा योजना के तहत जेसीबी से खुदाई करने का मामला आया प्रकाश में

उप मुखिया ने पंचायत सचिव और मुखिया पर फर्जी निकासी का लगाया आरोप

पिंटू कुशवाहा दिनकर

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत में मनरेगा योजना से चल रहे कूप निर्माण कार्य को अभी नियमों को ताक पर रखकर जेसीबी के माध्यम से खुदाई करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर हरली पंचायत के उप मुखिया सुनील कुमार ने बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कहा है कि हरली पंचायत मैं कल 1800 जॉब कार्डधारी मजदूर की संख्या है। बावजूद इसके मनरेगा के तहत कूप निर्माण होने वाले कार्य को जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ-साथ उप मुखिया ने पंचायत सचिव और मुखिया पर आरोप लगाते हुए कहा है कि योजना पठ में बादम पंचायत और अन्य पंचायत के नाम से फर्जी निकासी पंचायत सचिव एवं मुखिया के मिली भगत से हो रही है। आगे उन्होंने सभी फजीर्वाडे कार्यों का लिस्ट देते हुए बताया है की ग्राम हरली में धनेश्वर महतो के जमीन पर कूप निर्माण वर्क कोड संख्या 7080902766266 में पेमेंट की मास्टर रोल संख्या 10769 मजदूर 01 मास्टर रोल संख्या 11638 मजदूर की संख्या 10 बादाम के मजदूर में पेमेंट हुआ है। हरली के नागे महतो के जमीन पर कूप निर्माण वर्क कोड संख्या 7080 902766216 मास्टर रोल संख्या 10768 मजदूर 01 मास्टर रोल संख्या 11642 मजदूर संख्या 10 के पेमेंट हुआ है, हरली के अंजू देवी के जमीन पर खूब निर्माण वर्क कोड संख्या 7080902766207 मास्टर रोल संख्या 10767 मजदूर वन मास्टर रोल 113 39 दूर संख्या 10 में पेमेंट हुआ है। हरली के लखन साव के जमीन पर कूप निर्माण वर्क कोड संख्या 7080902766249 मास्टर रोल संख्या 10692 11341 में 11 मजदूर का पेमेंट हुआ है। हरली में उर्मिला देवी के जमीन पर कूप निर्माण वर्क कोड संख्या 708090276626 मास्टर रोल 1069, 11343 में 8 मजदूर का पेमेंट हुआ है। और हरली के ही नरेश साव के जमीन में कूप निर्माण वर्क कोड संख्या 708090 2766 225 मास्टर रोल संख्या 10690 10340 में 11 मजदूर का पेमेंट हुआ है उक्त सभी योजना के संबंध में कहना है कि हरली पंचायत के मजदूरों से काम नहीं करके पंचायत सचिव खुशनारायण मेहता एवं मुखिया के द्वारा दलाल के माध्यम से फर्जी निकासी निजी स्वार्थ के लिए किया जा रहे हैं और जेसीबी मशीन से कूप की खुदाई किया गया है, और तो और उपरोक्त सभी योजनाओं का डिमांड भी लगा हुआ है। आगे उन्होंने सभी योजनाओं को डोर टू डोर निरीक्षण करते हुए मनरेगा अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

झारखंड से दिल्ली तक अजय दास करेंगे पद यात्रा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग पूरे देश से उठने लगी है। इसी को लेकर अजय दास और उनके मित्रगण भारत को हिन्दू राष्ट्र निर्माण और जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग के लिए दिल्ली तक पदयात्रा करेंगे। अजय दास के साथ पदमा के पुरषोत्तम पांडेय और सुरेंद्र कुमार मेहता भी 11 दिसंबर को बुढ़वा महादेव मंदिर हजारीबाग से काशी विश्वनाथ होते हुए अयोध्या मथुरा वृंदावन होते हुए दिल्ली तक 1700 किलोमीटर का पद यात्रा करेंगे। जिसके लिए झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली राज्य सरकार से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। हिन्दू राष्ट्र संकल्प को लेकर अजय दास पिछले साल भी हजारीबाग से काशी तक पद यात्रा कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के हाई स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ने किया। आंगों और पोटंगा टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें से आंगों टीम ने 1- 0 से पोटंगा को हराकर जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। मैच का रेफरी श्रीकांत निराला, कालेश्वर गांझू, वीरेंद्र राम, महावीर गांझू ने किया। मैच 30-30 मिनट का था। इस मैच में मुख्य अतिथि उप प्रमुख वचन देव कुमार महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, मुखिया अनिकेत नायक, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव द्वारा विजेता टीम, उपविजेता और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

ग्रामीण विकास मंत्री को समस्याएं बतायी

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत के पुर्व मुखिया प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष कुशवाहा समाज उमेश प्रसाद, कांग्रेस नेता बासुदेव प्रसाद वर्मा के साथ झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगिर आलम से मिलकर प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं में झरपो तुलसी महतो के घर से सेवाने नदी भोला बाबा मंदिर तक पथ निर्माण, झरपो बाला महतो के घर से बलिया लोहरी तक पथ निर्माण, झरपो से बलिया लोहरी गोबराही नदी में पुल निर्माण, अमनारी - नारायणपुर रोड में 500 मीटर गार्डवाल निर्माण, अमनारी छवि महतो के घर से बाराही तालाब तक सड़क निर्माण, करंबा रोड झराही नदी में पुल निर्माण समेत दारू प्रखंड के अन्य समस्या से अवगत कराया। ग्रामिण विकास मंत्री ने सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वसन दिया। साथ में दारू प्रखंड के उमेश प्रसाद सुनील कुमार उपस्थित थे।

केरेडारी सीओ ने बीएलओ को किया सम्मानित

केरेडारी (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची के निर्देश के आलोक में केरेडारी अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल द्वारा शनिवार को प्रखंड सभागार में 108 मतदान केंद्र के बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 2024 की प्रगति की समीक्षा की गयी और सभी बीएलओ से प्रपत्र 06, 07, 08 प्राप्त कर ससमय ऑन लाइन करने के निर्देश दिये गये। अंचलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने को कहा ताकि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत योग्य मतदाता भारत के लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो सके। इस अभियान के दौरान बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सरिता देवी गोपदा, रेखा कुमारी, ममिता देवी पगार, ललीता देवी केमो, गीता देवी बुंडू, रेणुका देवी बचरा को अंचलाधिकारी के द्वारा सम्मानित भी किया गया। वहीं कार्य में लापरवाही और शिथिलता बरतने वाले बीएलओ और पर्यवेक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा उपायुक्त से की गयी है। बैठक में सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य कर्मी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति में आठ बच्चे हुए सफल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। वर्ष 2023 की मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना के तहत जैक द्वारा प्रकाशित रिजल्ट में बड़कागांव प्रखंड से 8 विद्यार्थी हुए सफल। जिसमें उ० म० विद्यालय कांडतरी से लक्की संगम 79.44 प्रतिशत, उ० उच्च विद्यालय नापो खुर्द से सुरज कुमार 70 प्रतिशत, उ० उच्च विद्यालय नंदनी कुमारी 69.44 प्रतिशत, कन्या म० विद्यालय से रूपेश कुमार 68.33 प्रतिशत, उ० उच्च वि० नापोखुर्द से हसनैन अंसारी 67.20 प्रतिशत, उर्दू उ म विकन्या चोपदार बलिया से रफाकत अली 62.78 प्रतिशत, नाजीर हुसैन 61.67 प्रतिशत, उ० म० विद्यालय नापोखुर्द दीपक कुमार गुप्ता 61.11 प्रतिशत इन विद्यार्थियों को झारखंड सरकार की ओर से 4 वर्षों के अंतर्गत 48000 रू० छात्रवृत्ति के तौर पर दिया जायेगा। इस सफलता पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांडतरी में हर्ष व्याप्त है। इस सफलता के लिए लक्की संगम को मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, उप प्रमुख वचन देव कुमार, उप मुखिया राजदेव महतो प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, मोहम्मद असलम, अंतेश साव, विनोद कुमार, प्रकाश कुमार, अशोक कुमार, रवीन्द्र कुमार, रामकुमार प्रसाद, कंप्यूटर शिक्षक बाबूलाल कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हीरामन राम ने शुभकामनाएं दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अपराधियों ने पोकलेन मशीन में लगायी आग

चतरा (आजाद सिपाही)। वन विभाग के आदेश पर वन सीमा में ट्रेंच की कटाई कर रहे जेसीबी पोकलेन मशीन को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। इस संबंध में पोकलेन मशीन का मालिक गिद्धौर प्रखंड के लोहड़ी गांव निवासी भीम यादव का पुत्र जनार्दन यादव ने सदर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है। आवेदन में घटना की जानकारी देते हुए कहा गया है कि प्रादेशिक वन क्षेत्र राजपूर के वन क्षेत्र पदाधिकारी के आदेश पर 1 दिसंबर से पोकलेन मशीन द्वारा वन सीमा का ट्रेंच की खुदाई की जा रही थी और रात्रि में पोकलेन मशीन वहीं छोड़कर ड्राइवर समीप के घर में सोता था। इसी दौरान 8 दिसंबर को रात्रि साढ़े ग्यारह बजे ड्राइवर ने पोकलेन मशीन में आग लगा देखा। आवेदन में अज्ञात अपराधियों द्वारा आग लगाने की बात कही गयी है तथा जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

चिकित्सक की लापरवाही से उप मुखिया की पत्नी नैंसी की मौत

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उरैली पंचायत के उप मुखिया और खुटेहरा गांव निवासी विवेक कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह की धर्मपत्नी नैंसी कुमारी की मौत शुक्रवार की देर रात पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। उप मुखिया की पत्नी का शव गांव आते ही शुभचिंतकों की होड़ लग गई। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व मृतका को पथरी का ऑपरेशन बिहार के गया के ग्लोबल अस्पताल में किया गया था। ऑपरेशन के दो दिन बाद मरीज के पेट में दर्द होने लगा। इसके बाद ग्लोबल हॉस्पिटल के चिकित्सक द्वारा उसे पटना के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पथरी का ऑपरेशन के पूर्व मृतका बिल्कुल स्वस्थ्य थी। चिकित्सक की लापरवाही के कारण उनकी मौत हो गई। मृतका की दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। सूत्रों के अनुसार गया ग्लोबल हॉस्पिटल में पूर्व में भी कई घटना ऐसी हो चुकी है। इस मौके पर हंटरगंज डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ युगल सिंह के अलावा शिक्षक विपिन कुमार सिंह, लड्डू सिंह, महेंद्र यादव, विजय यादव, अखिलेश यादव, जयद्रथ सिंह, पिंटू कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे और शोक प्रकट किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का शुभारंभ

चतरा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर टंडवा पहुंचे। कपूर के टंडवा आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शिष्टचार मुलाकात कर उन्हें पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। कपूर शुक्रवार को देर रात सीसीएल, एनटीपीसी पॉवर प्लांट का समीक्षा किया। वहीं आज जिला प्रशासन के द्वारा टंडवा प्रखंड के गाड़ीलौंग ग्राम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में शामिल हुए और द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात एक एक कर आयोजित अभियान में लगाये गये शिविर का निरीक्षण किया और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने मौके पर उपस्थित लाभुकों व ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। उक्त मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु चलाये जा रहे आइइसी वैन के माध्यम से आमजनों को भी जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में तरुण कपूर ने लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की स्वीकृति पत्र तथा चंझारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के समूहों के बीच चेक के माध्यम से राशि का वितरण किया। इस कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर डीसी ने की बैठक

बच्चों को पोलियो की खुराक देना लक्ष्य: चंदन कुमार

10 से 12 दिसम्बर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी चंदन कुमार ने की। बैठक में सबसे पहले एसएमओ, डब्लूएचओ डॉ सुधानंद द्वारा पीपीटी के माध्यम से पोलियो और नियमित टीकाकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक चलेगा पोलियो अभियान: बैठक में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि पल्स पोलियो अभियान 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा।

इस दौरान प्रथम दिन यानी 10 दिसम्बर को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं। वही 11 और 12 दिसंबर को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 1 लाख 72 हजार 425 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जानी है।

हर हाल में अभियान को बनाये सफल: बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन और अन्य संबंधित अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान को रामगढ़ जिले में सफल बनाने के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने माइक्रो प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोलियो अभियान में कार्य करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने और उनकी किसी भी तरह की दुविधा को दूर करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जनसंपर्क, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रेस वार्ता में कहा

धीरज साहू को करें गिरफ्तार, इडी भी जांच करे

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। आयकर विभाग द्वारा झारखंड के राज्यसभा कांग्रेस सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से नगदी तीन सौ करोड़ रुपये बरामदगी मामले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, सह सचेतक, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने दिगवार स्थित रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि यह बरामदगी भारत के इतिहास में किसी एक छापेमारी में मिले नगद राशि का रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार के अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए हर दिन एक नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भ्रष्टाचार की जननी, पोषक और संरक्षक बताया। कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व हो या इनके क्षेत्रीय सांसद, विधायक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। जिसका ताजा मामला कांग्रेस सांसद के ठिकानों से लगभग तीन सौ करोड़ रुपये कैश बरामद होना हैं। उन्होंने राज्यसभा सांसद धीरज साहू की संसद से सदस्यता रद करने की मांग करते हुए धीरज साहू की गिरफ्तारी और मामले को जांच में इडी को शामिल करने की मांग की है। एक तरफ जहां झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इडी के जांच के घेरे में है, वहीं दूसरी और कांग्रेस भी राज्य में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल हो गई है। भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के पक्ष में कहा कि पीएम का संकल्प है, ना खायेंगे, ना खाने देंगे और भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनायेंगे के तहत सभी जांच एजेंसी को खुली छूट दे रखी है। पीएम ने कह दिया है की जनता से जो लुटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी। यह मोदी की गारंटी है। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, नप अध्यक्ष मनोज गिरी, उपाध्यक्ष संजय शाह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, आशीष कुमार, सुनील प्रसाद, मुकेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की दिख रही है हकीकत

बाबुओं की लापरवाही की भेंट चढ़ रही गरीबों की योजना

लाभुकों के आवेदन फेंके जा रहें हैं कूड़े में

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/चतरा। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लाभुकों को सरकारी लाभ देने के लिए प्रखंड के हर पंचायत में भले ही शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं की ऑन स्पॉट समाधान करने की दावा कर रही है। लेकिन चतरा के हंटरगंज प्रखंड में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना को ठेंगा दिखाकर लाभुकों से प्राप्त आवेदन और दस्तावेज को मुंह धोने वाली बेसिन में और नाले में डाल कर सरकारी व्यवस्था की पोल खोल दी है । फिलहाल इस पुरे मामले को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीण अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। इस मामले में हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना है कि इस मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

हंटरगंज प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्यों की उपेक्षा होने से लोगों में काफी आक्रोश है। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख और बीडीओ से शिकायत किया है। शिकायत करने वालों में औरु पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शुभल पांडे ने प्रखंड कर्मी और स्थानीय मुखिया पति पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सदस्य को कार्यक्रम से काफी दूर रखा जा रहा है। जिसे मान सम्मान में ठेस पहुंची है। वहीं लेजवा पंचायत समिति सदस्य के पति विनोद कुमार ने प्रखंड मुख्यालय के नल जल के पास पड़े दर्जनों आवेदन का मामला पर दुःख व्यक्त करते हुए प्रखंड कर्मियों पर कई आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कोई भी विभाग सक्रिय नहीं है। जनता के द्वारा दिये गये आवेदनों को कूड़े में फेंक दिया जा रहा है। ऐसा सुनने में आता है कि सरकारी कर्मचारी कह रहे हैं कि पब्लिक अंधा है। सरकार सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इतना आवेदन क्यों लोग जमा कर रहे हैं। सरकार द्वारा कोई मद नहीं दिया है तो लोगो को इन शिविरों से लाभ क्या मिलेगा।

प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी और बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने इसे गंभीरता से लिया है और दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देश दिया है।

खेल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में आज अंतर सदन खेल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता को छात्रों के मानक के अनुसार 3 वर्गों में विभाजित किया गया था। जिसमें 3 से 5, 6 से 8 और 9 से 12 शामिल है। प्रतियोगिता में चारों सदन साहिबजादा अजीत सिंह हाउस, साहिबजादा जुझार सिंह हाउस ,साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस और साहिबजादा फतेह सिंह हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेता सदनों में ये है शामिल खो-खो में 3 से 5 साहिबजादा जुझार सिंह हाउस, 6 से 8. साहिबजादा अजीत सिंह हाउस, 9 से 12 - एसजे जुझार सिंह हाउस, 3 से 5 - एसजे फतेह सिंह हाउस, 6 से 8 एसजे फतेह सिंह हाउस, 9 से 12 एसजे अजीत सिंह, कबड्डी में 3 से 5 साहिबजादा जुझार सिंह हाउस, 6 से 8 साहिबजादा जुझार सिंह हाउस, 9 से 12 साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस, 3 से 5 साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस, 6 से 8 साहिबजादा जुझार सिंह हाउस, 9 से 12 साहिबजादा फतेह सिंह हाउस, वॉलीबॉल में साहिबजादा फतेह सिंह हाउस शामिल है।

रजरप्पा मंदिर पहुंचे लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान, की पूजा अर्चना

2024 में एनडीए की जीत निश्चित: चिराग पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। उत्तर भारत का सिद्धपीठ स्थल रजरप्पा मंदिर में शनिवार को लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान शनिवार को छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने मां भगवती की विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर मीडिया कर्मियों से प्रेस वार्ता करते हुए सांसद चिराग पासवान ने कहा कि आगामी चुनाव की तैयारी में है। एनडीए गठबंधन पूरी तरीके से मजबूती से तैयार है, और जिस तरीके से हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में विभिन्न राज्यों के चुनाव के परिणाम आये है जिसको सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा था। जब सेमीफाइनल इस तरीके का रहा है तो इस बात में कहीं कोई संदेह नहीं है कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन पिछली बार से भी ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनायेगी। इस बार 400 से अधिक की आंकड़ा पार करेगा और एनडीए की ही जीत निश्चित होगी हमारा एनडीए गठबंधन मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीतने जा रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है। वहीं आगामी चुनाव में अपने पार्टी को लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गठबंधन तय करेगा। फैसले वहीं लिए जायेंगे जो गठबंधन को मजबूती देने का काम करेगा। बिहार हो, झारखंड हो या उत्तर प्रदेश हो तमाम सीटें एनडीए गठबंधन के खाते में इस बार जायेगी। बिहार में पिछली बार भी थी, उत्तर प्रदेश में भी थी। झारखंड में भी थी जो सीटें रह गयी थी इसबार संभावता विपक्ष अपना खाता भी इन राज्यों में नहीं खोल पायेगी। इधर झारखंड में सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद करोड़ों रुपयों के मामले में चिराग ने कहा कि मोदी जी की गारंटी में आज की तारीख में पूरा देश विश्वास करता है। जिस तरीके से भ्रष्टाचार का अड्डा कहीं ना कहीं भारत की राजनीति को बना दिया गया था और जितने भी विपक्ष के घटक दल है। मौजूदा एनडीए एलायंस और प्रधानमंत्री को समाप्त करने का प्रयास कर रहे थे। उन सभी ने भ्रष्टाचार के माध्यम से सिर्फ नजायज संपत्ति और पैसा अर्जित करने का उनलोगों ने काम किया है। इसका परिणाम भी देखने को मिल ही रहा है। ऐसे में इन सबका हाल अंत में जांच के उपरांत जेल में ही होगा यह मोदी की गारंटी जरूर है।

जेपी रेस्टूरेंट एंड बैंक्वेट का उद्घाटन आज



कुजू (आजाद सिपाही)। बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में आज दोपहर 12 बजे जे.पी रेस्टूरेंट एंड बैंक्वेट का भव्य उद्घाटन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जेपी रेस्टूरेंट एंड बैंक्वेट के संचालक सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा और विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल समेत कई सम्मानित अतिथि शामिल होंगे। रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा और विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के हाथों को किया जायेगा।

बाल विद्या मंदिर में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन

कुजू (आजाद सिपाही)। बाल विद्या मंदिर, आरा में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कंप्यूटर शिक्षक कुलदीप कुमार महतो द्वारा वृहत रूप से प्रेजेंटेशन तैयार किया गया। साथ ही, बच्चों द्वारा प्रदर्शनी करवाया। मौके पर उन्होंने पीपीटी को तैयार कैसे करें, साथ ही, स्लाइड्स के द्वारा प्रस्तुति कैसे की जाती है, इस पर चर्चा की। वही, चित्र, पाठ एवं अनु वस्तुएं उपयोगी के बारे में बताया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य रंजीत सिंह ने बताया कि पावर पॉइंट सीखना एक मूल्यवान और बहुमुखी कौशल है। जिसका उपयोग सभी व्यवसायिक कार्यों में किया जाता है। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी गुरमीत धीमान ने बताया कि यह एक प्रकार का प्रेजेंटेशन सॉफ्टवेयर है, जिसके द्वारा डॉक्यूमेंट कहानियां लिखना, प्रेजेंटेशन देने ग्राफ इत्यादि डाटा दिखाने के लिए प्रयोग कर सकते हैं। मौके पर रंजन मिश्रा, कामेश्वर प्रसाद, भुवनेश्वर महतो, दुलालचंद कुशवाहा, कोलेश्वर महतो, लक्की कुमार, रीता कुमारी, सविता कुमारी, बबिता कुमारी, बैजनाथ प्रसाद समेत कई छात्राएं मौजूद रहे।

चार लोगों को दिया गया गैस कनेक्शन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग लोगसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता व सीओ शिव शंकर पांडेय आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय मुखिया अजय पासवान ने की। कार्यक्रम के तहत 4 लोगों को प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शन दिया गया। साथ ही सांसद जयंत सिन्हा द्वारा गोद भराई के तहत 3 लोगो को सामग्री और मुंह झूठी की रश्म निभायी गयी। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने सामूहिक रूप से संकल्प लिया व दिलाया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। मौके पर सतीश मोहन मिश्रा, सुखदेव प्रसाद, पिंकू झा, संजीव कुमार बाबला, जगतार सिंह, योगेश दांगी, अनूप ठाकुर उर्फ मोदी, विजय करमाली सहित दर्जनों भाजपाई व आमजन मौजूद थें।

दोतल्ला पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी सफलता को ले शनिवार को स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील करती दिखीं। मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा दोतल्ला पंचायत के समस्त वार्ड के टोला-मोहल्ले में प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया है। ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण शिविर में पहुंचकर विकास योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा कर सकें। मुखिया ने ग्रामीणों से अपील करते हुए सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाएं जो अपनी अहर्ता रखते हैं उससे कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए सभी दस्तावेज लेकर समय पर पहुंचकर उक्त शिविर का लाभ उठाने की बात कही।

मांडू में पल्स पोलियो अभियान आज

मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू प्रखंड में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम में 0 से 5 वर्ष के 43129 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य हैं। 10 दिसंबर को कुल 306 बूथ में खुराक दी जायेगी। वहीं 11 और 12 दिसंबर को घर-घर जाकर 0 से 5 के बच्चों को पल्स पोलियो का दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 10 दिसंबर को 306 बूथों में मोबाइल टीम 14, ट्रांजिट टीम 10 समेत 306 बूथ प्रखंड में बनाये गये हैं। जिसमें कुल 611 टीम जिसमें सहिया और सेविका के साथ-साथ कुछ ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम को सुपरवाइज करने के लिए प्रखंड में 44 सुपरवाइजर लगाये गये हैं। सुपरवाइजर को मॉनिटरिंग के लिए प्रखंड स्तर पर कल 12 चिकित्सक जो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आवंटित उपकेंद्र में लगाये गये जो बूथ पर जाकर मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

महामारी में दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) की ओर से गुरुवार को जारी किये गये महामारी के दिनों वाले जन्म और मृत्यु से जुड़े आंकड़े हैरान तो नहीं करते, लेकिन इसके कई पहलुओं पर गौर किया जाना चाहिए। मगर उस तरफ बढ़ने से पहले यह देखना जरूरी है कि ये आंकड़े कई लिहाज से आधे-अधूरे कहे जायेंगे। सीआरएसआंकड़े सिर्फ दर्ज किये गये जन्म और मौत की संख्या बताते हैं। इनसे यह पता नहीं चलता कि जन्म और मृत्यु की इस संख्या में बाहर से अस्थायी तौर पर आये लोगों और यहां के स्थायी निवासियों का क्या अनुपात है। इस अर्थ में सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) का सर्वे आधारित अनुमान बेहतर होता है जो रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आरजीआइ) जारी करता है। चूंकि आरजीआइ ने महामारी की अवधि यानी 2021-22 के सीआरएस डेटा अभी जारी नहीं किये हैं, इसलिए फिलहाल सीआरएसआंकड़ों से ही काम चलाना होगा। कोरोना महामारी की अवधि यानी 2020 और 2021 में दिल्ली में दर्ज हुई मौतों की संख्या 28,687 बतायी गयी है, जो 2007 (जब से सीआरएस रिकॉर्ड उपलब्ध हैं) से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। जन्मदर का जहां तक सवाल है, तो 2019 में यह प्रति हजार की आबादी पर 18.4 बच्चे की थी, लेकिन 2020 में 14.2 बच्चों पर और 2021 में और घट कर 13.1 पर आ गयी। 2022 में बढ़ कर 14.2 बच्चों पर आयी, लेकिन महामारी से पहले के स्तर से काफी नीचे है। ध्यान रहे, दिल्ली में जन्मदर में कमी महामारी से पहले से ही आने लगी थी। जानकार जन्म दर में आयी बढ़ोतरी के पीछे कुछ खास वजहें बता रहे हैं। एक तो लॉकडाउन के दौरान अपने गांवों को लौट चुके लोग स्थिति सुधरने पर बड़ी संख्या में वापस आ गये। दूसरे, लॉकडाउन के दौरान शुरू हुआ वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न जारी रहना भी अहम है, क्योंकि उससे महिलाओं को लगा कि वे वर्कफोर्स में भागीदारी करते हुए परिवार का भी ख्याल रख सकती हैं। मगर बड़ी बात यह है कि इन सबके बावजूद जन्म दर का स्तर नीचा बना हुआ है। सीआरएस के ये आंकड़े जहां स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के कई पहलुओं पर रोशनी डालते हैं, वहीं यह भी बताते हैं कि जनगणना के विस्तृत आंकड़ों की कमी कितनी खलने वाली है। ऐसे में जरूरी है कि 2021 में होने वाली जनगणना की प्रक्रिया को और देर किए बगैर जल्द से जल्द पूरा कराने की कोशिश की जाये।

सीआरएसआंकड़े सिर्फ दर्ज किये गये जन्म और मौत की संख्या बताते हैं। इनसे यह पता नहीं चलता कि जन्म और मृत्यु की इस संख्या में बाहर से अस्थायी तौर पर आये लोगों और यहां के स्थायी निवासियों का क्या अनुपात है।

अभिमत
आजाद सिपाही

कांग्रेस की हार के बाद 'इंडिया' अलायंस गठबंधन के बंधन में बंधे रहना आसान नहीं है। अलायंस के सभी दलों का जोर इस बात पर रहेगा कि विधानसभा चुनाव की हार का आइना दिखाते हुए कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में सीटों की शेयरिंग में बैकफुट पर रखा जाये। अलायंस के पार्टनर्स के बयानों से यह स्पष्ट है कि चुनाव हारने से कांग्रेस का राजनीतिक वजन कमजोर पड़ गया है।

चुनाव में हार से कांग्रेस और 'इंडिया' अलायंस को झटका

योगेंद्र योगी

5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में 3 राज्यों में करारी शिकस्त मिलने के बाद कांग्रेस की 'इंडिया' अलायंस में लोकसभा चुनाव में सीटों की दावेदारी कमजोर पड़ेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा से चुनाव हार बैठी कांग्रेस की स्थिति विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अलायंस में अब बिग ब्रदर की नहीं रही है। चुनाव परिणाम आने के बाद अलायंस के भागीदार राजनीतिक दलों के बयानों से साफ है कि क्षेत्रीय दल अपने राजनीतिक प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस से सीटें शेयरिंग करने के मूड में नहीं हैं।

तीन राज्यों में हार के बाद भी कांग्रेस सीटों की दावेदारी से पीछे हटेगी, इसकी संभावना नहीं के बराबर है। यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस के अस्तित्व पर खतरा खड़ा हो जायेगा। कांग्रेस की हार से इंडिया अलायंस में रस्साकशी तेज होने के आसार हैं।

कांग्रेस की हार के बाद 'इंडिया' अलायंस गठबंधन के बंधन में बंधे रहना आसान नहीं है। अलायंस के सभी दलों का जोर इस बात पर रहेगा कि विधानसभा चुनाव की हार का आइना दिखाते हुए कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में सीटों की शेयरिंग में बैकफुट पर रखा जाये। अलायंस के पार्टनर्स के बयानों से यह स्पष्ट है कि चुनाव हारने से कांग्रेस का राजनीतिक वजन कमजोर पड़ गया है। इतना ही नहीं इस हार को कांग्रेस की हार बता कर अलायंस ने अपना पल्ला झटक लिया है। 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में 'इंडिया' अलायंस के दलों में गठबंधन नहीं हो पाया था वे अलग-अलग चुनाव लड़ रहे थे। अलायंस के गठन के बाद से ही दलों में मतभेद रहे हैं और वे एक-दूसरे को नीचा दिखाते रहे हैं।

ताजा नतीजे इन गठबंधन राज्यों में अपने सहयोगियों से अधिक लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस की सौदेबाजी की शक्ति को कम कर देंगे।

कांग्रेस पार्टी के लिए दिक्कत यह है कि दक्षिणी राज्यों से उसे लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलने की गुंजाइश कम है। पार्टी को सबसे ज्यादा फायदा हिंदी भाषी राज्यों से होना है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में उसका प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर था।

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 3 राज्यों में कांग्रेस की हार पर कहा कि इंडिया अलायंस के सदस्यों के साथ सीट-बंटवारे की व्यवस्था की कमी के कारण कांग्रेस तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हारी है। इंडिया अलायंस का चेहरा बनने को लेकर हो रही खींचातानी के बीच टीएमसी सांसद और राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि जनता तय करेगी कि चेहरा ममता बनर्जी होंगी या राहुल गांधी या अरविंद केजरीवाल या उद्धव ठाकरे। बनर्जी ने कहा कि अगर आपको लगता है कि भाजपा की यह जीत पश्चिम बंगाल में दिखाई देगी, तो मुझे ऐसा नहीं लगता क्योंकि बंगाल का चुनाव बंगाल के मुद्दों पर लड़ा जायेगा। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश या राजस्थान में जो हुआ उस पर नहीं।

ममता की तरह नीतीश कुमार की पार्टी के नेता ने 3 राज्यों में चुनाव हारने पर कांग्रेस को नसीहत दे डाली। जद-यू के प्रदेश महासचिव निखिल मंडल ने कहा कि 'इंडिया' अलायंस को अब नीतीश कुमार के अनुसार चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 5 राज्यों के चुनाव में व्यस्त होने की वजह से 'इंडिया' अलायंस पर ध्यान नहीं दे पा रही थी। अब कांग्रेस ने चुनाव भी लड़ लिया और परिणाम भी सामने हैं। पंजाब में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा की गिरफ्तारी के बाद 'आप' और कांग्रेस की तकरार सर्वविदित है। पंजाब में कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियां एक-दूसरे के आमने-सामने आ गई थीं। सुखपाल सिंह खैहरा को सात साल पुराने एक मामले में पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मामले को लेकर विपक्षी गठबंधन पर असर दिख सकता है। 'आप' भी यही चाहती है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दिल्ली और पंजाब से दूर रहे। इन दोनों राज्यों में 'आप' नाममात्र की सीटों पर कांग्रेस से शेयरिंग करने की बात कह चुकी है।

'आप' की तरह समाजवादी पार्टी भी कांग्रेस को अपने तीखे तेवर दिखा चुकी है। मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के सामने खड़े थे। इन तीनों पार्टियों में प्रदेश स्तर पर कोई गठबंधन नजर नहीं आया। यहां सभी पार्टियां एक-दूसरे की कमियां गिनाने में लगी हुई थीं। लिहाजा ये दल एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ रहे थे। यू.पी. कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही थी। यह इस विश्वास का परिणाम था कि पार्टी विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। अब, अखिलेश कांग्रेस पर अपनी शर्तें थोप सकते हैं तथा अन्य सहयोगी निश्चित रूप से उनका समर्थन करेंगे।

कांग्रेस पार्टी के लिए दिक्कत यह है कि दक्षिणी राज्यों से उसे लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलने की गुंजाइश कम है। पार्टी को सबसे ज्यादा फायदा हिंदी भाषी राज्यों से होना है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में उसका प्रदर्शन सबसे निचले स्तर पर था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अलावा, अन्य हिंदी भाषी राज्य बिहार, झारखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं। बिहार और झारखंड में कांग्रेस पहले से ही गठबंधन सरकार का हिस्सा है। ताजा नतीजे इन गठबंधन राज्यों में अपने सहयोगियों से अधिक लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस की सौदेबाजी की शक्ति को कम कर देंगे।

जमशेदपुर की खबरें

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 11,427 मामलों का निपटारा, लगभग 55 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त

लोक अदालत में मामले का त्वरित समाधान से समय और पैसा दोनों की हो सकती है बचत : प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश

समझौते पर मामले का निष्पादन करने में झारखंड पहले पायदान पर : राजेश कुमार शुक्ल

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। शनिवार को लोक अदालत हॉल में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, विशेष अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय

अमितेश लाल, प्रधान अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार सिन्हा, पॉक्सो स्पेशल कोर्ट न्यायधीश कमलजीत चोपड़ा, स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का समाधान के लिए जमशेदपुर व घाटशिला में शिविर लगाया गया। मौके पर कुल 17 बेंचों का गठन किया गया था। इस अवसर पर कुल 11,427 मामलों का निपटारा किया गया। जिसमे 54 करोड़ 71 लाख 43 हजार 22 रुपये का राजस्व प्राप्त हुई। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में लोक अदालत का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा नालसा, झालसा व डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में काफी मददगार साबित हुई है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश निलेश सांगा ने बताया सुलह योग्य सभी मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारा किया गया। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में एक मोटर वाहन दुर्घटना केस में मृतक रेलवे कर्मचारी जारका हेस्सा के आश्रित परिवार को 84 लाख 33 हजार 831 रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं दूसरी ओर एक कमर्शियल वाद में भी न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता के तहत उक्त वाद 8 करोड़ में सेटल कर केस का निष्पादन किया गया। जो इस राष्ट्रीय लोक अदालत का एक खास उपलब्धि साबित हुई है। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन से आम लोगों को बिना किसी परेशानी के अपने मामलों में निपटारा मिल गया। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायालय के कर्मचारी सहित पैनल लॉयर्स और पीएलवी की सार्थक भूमिका रही।

प्लैटिनम जुबली समारोह आज

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर में एक्सएलआरआइ के 75 साल पूरे होने पर प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप खनखड़ शिरकत करेंगे। विधि व्यवस्था के मद्देनजर सभी तैयारियों को पूरी कर ली गयी। समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्रों के दिग्गजों को आमंत्रित किया गया। रविवार दोपहर दो बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। समारोह में उप-राष्ट्रपति जगदीप खनखड़ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज फर्नांडिस सहित

अन्य सम्मानित पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। 75 साल पूरे होने पर एक साल तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने बताया एक्सएलआरआइ 75 वर्षों से प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि एक्सएलआरआइ संस्थान समाजिकता को बढ़ावा देना, छात्रों के बीच जागरूकता, जेसुइट बिजनेस एजुकेशन की विशेषताओं में से एक है। एक्सएलआरआई समाज के हर वर्ग के लोगों को समावेशी व एथिक्स आधारित शिक्षा देने पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा एक्सएलआरआई के प्लैटिनम जुबली को लेकर कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

बिड़रा में आपकी योजना, आपकी सरकार में विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। जुगसलाई विधानसभा के पटमदा प्रखंड की बिड़रा गांव ग्राम संसद भवन में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी और विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने सभी विभागों के स्टॉलों का बारी-बारी से निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों को अबुआ आबास समेत अन्य योजनाओं की लाभ लेने की अपील की। विधायक ने कहा शिविर के माध्यम से लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है। उन्होंने

कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रखंड कार्यालय में चक्कर लगाना पड़ता था। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती-साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल की राशि, महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, मुखिया काजल सिंह, ग्राम प्रधान शंभु दास, सुभाष, अश्विनी, बगला किंकर, तिलोकतमा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

33 किलोमीटर की सड़क पर खर्च होंगे 25 करोड़

रांची। कोडरमा से चौपारण को जोड़नेवाली सड़क को चकाचक करने की तैयारी है। इसका मसौदा भी तैयार कर लिया है। 33 किलोमीटर इस सड़क के सुंदरीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। महतो-अहना-रामपुर-बसरिया पथ की राइडिंग क्वालिटी सुधारी जायेगी। यह सड़क कोडरमा से हजारीबाग जिला को जोड़ती है। कोडरमा जिला के एनएच 31 महतो-अहरा से शुरू होकर कई गांव महुआडोहर, सरधवाटांड, नवागढ़, रामपुर, पथरा, परतापुर, हथिया, वर्जीचक आदि से गुजरते हुए हजारीबाग जिला अंतर्गत प्रखंड चौपारण एनएच-2 को जोड़ती है। एनएच- 2 और एनएच-31 को जोड़ने के लिए इन पथ पर भारी वाहनों का आवागमन होता है। हैवी ट्रैफिक होने के कारण कई माह से यह रोड जर्जर हो गया है। अब टेंडर की प्रक्रिया में विभाग जुटा है।

कांग्रेस का मतलब करप्शन, अब इडी करे मामले की विस्तृत जांच : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के विभिन्न ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में अबतक 300 करोड़ से अधिक नकद बरामत होने पर भाजपा हमलावर है। शनिवार को बिस्टुपुर तुलसी भवन में रांची के विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह, सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। विधायक सीपी सिंह ने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के नेताओं के यहां से पैसा मिलना कोई आश्चर्य की बात नही है। इतने अधिक मात्रा में नकद राशि बरामद किया जाना ही आश्चर्य की बात है। आजाद भारत के इतिहास में यह पहली घटना है जब 300 करोड़

से अधिक की नकद राशि इनकम टैक्स के द्वारा बरामद की गयी है। उन्होंने कहा लूट-खसोट का पैसे नकली गांधी परिवार के लिए रखे गए थे। जिसे दिल्ली पहुंचाने की योजना थी। इसी बीच आयकर विभाग को भनक लगने पर यह कार्रवाई की गयी। संभावना है पैसा छत्तीसगढ़ में हंग असेंबली होने पर विधायकों के 'खरीद पॉलिटिक्स' और रिजॉर्ट पॉलिटिक्स' के लिए रखा गया था। सीपी सिंह ने कहा अब यह मामला प्रवर्तन निदेशालय का बनता है। ईडी इस मामले में हस्तक्षेप कर इसकी विस्तृत जांच करें और एक-एक पैसे का हिसाब कर इसका खुलासा करें। सीपी सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट कहना है जनता से जो लूटा है, उसकी पायी-पायी लौटानी पड़ेगी। यह मोदी जी की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी भी 'ना भ्रष्टाचार करेंगे और ना ही भ्रष्टाचार सहेंगे' की नीति पर कार्य करती है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कांग्रेस के डीएनए में भ्रष्टाचार और लूट शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए संकल्पित है। पीएम का संकल्प है 'न खायेंगे, न खाने देंगे और जिन्होंने भी जनता का पैसा खाया उसको भी बाहर निकालेंगे' सांसद विद्युत महतो ने कहा, यह भी चर्चा है कि झारखंड के लूट का पैसा उड़ीसा क्षेत्र को सुरक्षित मानकर वहीं गाड़ियों में भरकर ले जाया जाता रहा है। यह भ्रष्टाचार कोई साधारण नहीं है जिसकी गहन जांच होनी चाहिए। भाजपा मांग करती है भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी हो, उनकी कड़ाई से पूछताछ हो। पार्लियामेंट से सांसद को बर्खास्त कर प्रवर्तन निदेशालय इस मामले को अपने अधीन लें।

मुख्यमंत्री सहित मंत्री-विधायक भ्रष्टाचार में है संलिप्त: भानु प्रताप

राज्यसभा सांसद के घर से बरामद राशि से कांग्रेस का असली चेहरा हुआ उजागर

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के घर से बरामद 300 करोड़ से अधिक के नोटों की बरामदगी से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी चेहरा उजागर हुआ है। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर गठबंधन दल के मंत्री और विधायक सहित कई अधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। कांग्रेस नेता सह राज्य सभा सांसद धीरज साहू के घर और उनके ठिकानों से बरामद पैसों की स्त्रोत और इसमें संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। उक्त बातें भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने शनिवार पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शुरू से ही लूट-खसोट ही नीति रही है। झारखंड में कांग्रेस, झामुमो और राजद के मंत्री और विधायक सहित कई अधिकारी भी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। गढ़वा विधायक सह प्रदेश के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राज्य से सबसे ज्यादा खजाना को लूटने का काम किया है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर बरामद इतनी मोटी रकम बालू, जमीन, शराब घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग या पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए कांग्रेस ने नगद पैसा छुपा रखा था। कांग्रेस के नेता मंच पर सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन सचाई यहीं है कि वे लोग आजादी से लेकर साठ वर्षों तक देश को सिर्फ लूटते आए हैं। यहां तक की कांग्रेस के आला कमान भी नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड़ रुपये के दोषी हैं। वर्तमान में वे लोग बेल पर हैं। भाजपा विधायक ने कहा कि राज्य सभा सांसद धीरज साहू के घर व ठिकानों से बरामद अभी तक तीन सौ करोड़ रुपये की गिनती की जा चुकी है और अभी कितना पैसा मिलेगा यह भी कह पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भाजपा सभी जिलों में 10 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन करेगी। साथ ही जनता को कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों के करतूतों को बताने का काम करेगी। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, राजीव रंजन तिवारी, जिला मंत्री बबलू पटवा, मीडिया प्रभारी विवेकानंद, भाजयुमो के जिला महामंत्री विकास, पुष्परंजन, लक्ष्मीकांत, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विकास, रवींद्र सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आगमन गढ़वा में हुआ। गढ़वा ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई० ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में रंका मोड़ पर स्वागत किया गया। उसके बाद इंदिरा गांधी और बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद भावनाथपुर विधानसभा स्तरीय बिशुनपुरा में एक कार्यकर्ता सम्मेलन में निकल गये। इस मौके पर प्रदेश महासचिव आशिक अंसारी, प्रदेश सचिव प्रभात दुबे, अरविंद तूफानी, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, अलखनिरंजन, राम रामवृक्ष, ज़िला उपाध्यक्ष राम करेश, ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष ऋषभ, ज़िला सचिव दिवाकर, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष उगेंद्रनाथ चौबे, मेराज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रमना। प्रखंड के राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आगमन पर गाजे बाजे के साथ रमना प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने टेंढी पुल के पास सैकड़ों करकर्ताओं के साथ फुल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रबराज सिंह ने रमना सर्वेश्वरी चौक पर श्री ठाकुर का स्वगत किया। इस मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी, बबू दुबे, जिला प्रवक्ता राहुल दुबे, स्त्री अध्यक्ष करौंदी राजेश रजक, विससूत्रीय अध्यक्ष नगर ऊंटरी शैलेश चौबे, बीस सूत्री रियाज अंसारी, मंसूर अंसारी, उमाशंकर सिंह साहित सैकड़ो पार्टी नेता कार्यकर्ताओं के साथ श्री ठाकुर बिशुनपुरा के लिए रवाना हो गए।

हरिहरपुर में कार्डधारकों ने की डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरपुर। कांडी प्रखंड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की मनमानी से लोग परेशान हैं। मामला कांडी प्रखंड के मझिगावां पंचायत अंतर्गत आजाद नगर टोले का है। शनिवार को जनवितरण प्रणाली के दुकानदार रामनरेश राम के दुकान पर जब कार्ड धारी अपना राशन लेने गये तो वहां मौजूद राशन डीलर राम नरेश राम से कार्ड धारियों के साथ राशन वितरण करने के नाम पर लाभार्थियों से नोक झोंक होने लगी। यह नोकझोक इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से गालीगलौज तथा कार्डधारकों तथा डीलर और उसके घर वालों के बीच मारपीट की नौबत आ गयी। इससे नाराज कार्डधारकों ने हरिहरपुर ओपी में लिखित आवेदन देकर डीलर के विरुद्ध न्यायसंगत कार्यवाई करने की गुहार लगायी है। हरिहरपुर ओपी में दिये गये आवेदन में जिक्र किया गया है कि कार्डधारी महाराज कुमार चौधरी पिता सुदर्शन चौधरी, श्रवण पासवान, पीतांबर, गोपाल, रामावतार राम, इंद्रदेव यादव, लखन यादव राशन लेने के लिए दुकानदार रामनरेश राम के दुकान पर नवंबर और दिसंबर महीने का राशन लेने हेतु पहुंचे हुए थे, जहां दुकानदार रामनरेश राम पिता स्व फउदार राम, राजाराम पिता रामनरेश राम, रजमानिया देवी पति रामनरेश राम, पूजा देवी पति राजा राम और राम नरेश राम के दामाद राजू राम उक्त सभी ने कार्डधारकों से गाली गलौज करते हुए कार्डधारी महाराज कुमार चौधरी के साथ मारपीट करने लगे। जिससे नाराज कार्डधारक ने जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है।

इस संबंध में मामला दर्ज

इस संबंध में हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि मझिगांवा गांव के आजाद नगर के कार्डधारकों के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, जांचोपरांत उचित कार्यवाई की जायेगी।

डीलर पर तीन माह का राशन नहीं देने का आरोप

आक्रोशित लाभुकों ने बीडीओ से शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। पंडरिया पंचायत के बेलपहाडी के डीलर द्वारा बीते 3 माह से राशन नही दिए जाने से आक्रोशित लाभुकों ने बीडीओ सह एमओ नंदजी राम से शिकायत की। प्रखंड कार्यालय पंहुच लाभको ने बताया कि डीलर संजय कुमार पासवान द्वारा बीते 3 माह का राशन नही दिया गया है। राशन की मांग करने पर दिसंबर का राशन दिया जा रहा है। पूछने पर बोलते हैं कि राशन मिलेगा तभी हम देगें, हमारा राशन गोदाम से नहीं मिला है जिसका आवेदन प्रखंड कार्यालय में दे चुके हैं। राजमणि पाल, अमजद मिया, लालमोहमद मिंया, हशमत अली, राजेश्वर पाल, मुन्ना गुप्ता, देवकुमार साह, आबिद सहित दर्जनों महिला पुरुष लाभको ने बीडीओ से 3 माह का राशन अविलंब दिलवाने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ नंदजी राम ने बताया कि प्राप्त आवेदन के बाद डीलर को पूर्व में वितरित की गयी राशन का साक्ष्य उपलब्ध कराने के साथ नवंबर और दिसंबर माह का राशन वितरित करने का आदेश दिया गया है।

राज्य सरकार खेल के माध्यम से गांव में छुपी प्रतिभा को निखार रही है: शांति देवी

खेल के बिना देश को बेहतर सैनिक नहीं मिल सकता- प्रमुख करुणा सोनी

आजाद सिपाही संवाददाता

रमना। प्रखंड मुख्यलय स्थित जामा दो विद्यालय के मैदान में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुलबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन जिप अध्यक्ष शांति देवी और प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा राज्य सरकार द्वारा खेल के माध्यम से गांव में छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर दे रही है। ताकि ग्रामीण स्तर के बच्चे अपने हुनर को जिला से लेकर राज्य में अपना प्रतिभा दिखा सके। वहीं प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि खेल के बिना देश को बेहतर सैनिक एवं अन्य कुशल कर्मचारी नहीं दिया जा सकता है। कहा कि आज डिजिटल युग में लोग मोबाइल गेम खेल रहे हैं, जिससे बच्चों में शारीरिक और मानसिक वृद्धि ठीक से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी अपने बच्चों को इंडोर एवं आउटडोर दोनों खेलों में मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। वहीं अर्जुन चौधरी, प्रवीन कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शनिवार के खेल में टंडवा ने 1/0 से रमना को हराकर विजेता रहा.वही मड़वानिया ने भागोडीह को 2/0 से मैच को अपने नाम किया। मौके पर प्रियांशु ठाकुर, चन्दन पाल, जितेंद्र पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ही लड़ेगा चुनाव: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

विशुनपुरा। प्रखंड के कोचेया गांव में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सह विचार गोष्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भवनाथपुर विधानसभा की परंपरागत सीट को लड़ कर जितने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जो टिकट के काबिल होंगे उन्हें ही टिकट मिलेगा। उन्होंने कहा की नेहरू की छवि को बचाना है। नेहरू की छवि को खराब करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के मांग पर भवनाथपुर डोलोमाइट माइंस की आवाज को उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश में लोग डर और खौफ की जिंदगी जी रहे हैं। देश में नफरत फैला कर चुनाव जितने का कार्य किया जारहा है। उन्होंने कहा कि जो अपनो की गारंटी नही ले सकता वह देश की गारंटी लेने की बात करते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा से नही अपने ही लोगों से है। कुछ लोग कांग्रेस को बरगला कर नगर गढ़ और कधवन गढ़ में सत्ता रखने का कार्य करते हैं। पांच बार दल बदलने वाले लोगो को पार्टी से दूर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन में है लेकिन भवनाथपुर विधानसभा में कांग्रेस ही रहेगा।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवैदुल्लाह हक अंसारी, प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे, प्रदेश महा सचिव मदन मोहन शर्मा, जिला कांग्रेस प्रभारी सत्यनारायण सिंह, उदय नारायण तिवारी, सुर्यकांत शुक्ला, जिला महासचिव सुशील चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष सैलेश चौबे, सैलेन्द्र प्रताप देव सहित कई कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुखिया प्रतिनिधि और पूर्व मुखिया के बीच झड़प

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के झोतर पंचायत में शनिवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बिरसा हरित कूप संवधन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति आदेश प्रमाण पत्र वितरण के क्रम में लाभुकों के नाम को लेकर मुखिया प्रतिनिधि विष्णु यादव व पूर्व मुखिया प्रिंस कुमार यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कुछ समय के लिए वहां अराजक स्थिति बन गयी। बीचबचाव के क्रम में दीप स्टैंड से अंचलाधिकारी के अंगरक्षक सुदामा राम का हाथ चोटिल हो गया। कटने से हाथ से खून बहने लगा। करीब दो घंटे अराजक स्थिति रही। उसके बाद ग्रामीणों ने फिर से आवेदन देना शुरू किया। उधर शिविर में अराजक स्थिति देख कई ग्रामीण बगैर आवेदन जमा किये ही बैरंग लौट गये।

थाना प्रभारी ने चलाया जन जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

रमना। थाना क्षेत्र अंतर्गत भागोडीह पंचायत भवन के परिसर में रमना पुलिस के तत्वधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने सड़क सुरक्षा, बाल मजदूरी, डायन प्रथा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, सड़क पर पशु को नही बांधने सहित अन्य बातो पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़को पर यातायात के समय अपने निर्धारित गति से हेलमेट के साथ गाड़ी चलाने की जरूरत है ताकि हम अपने परिवार के साथ सुरक्षित गंतव्य स्थान तक पहुंच सके। कहा कि अंधविश्वास में आने की जरूरत नहीं है। कहा कि सड़क पर पशु को बांधने से यातायात बाधित होती है साथ ही सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मौके पर मुखिया रीता देवी, उप मुखिया बिजली देवी, बीडीसी कविता विश्वकर्मा, भाजपा के शंकर चंदवंशी, चुन्नू, नागेंद्र, नंदू, बीस सूत्री सदस्य भगवन, मनोज, सतेंद्र, रामजी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

क्षत्रिय महासभा ने स्वर्गीय सुखदेव सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

गढ़वा। अखिल वैश्विक क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की ओर से आज गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया मोड पर स्वर्गीय सुखदेव सिंह जी के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों द्वारा उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। तत्पश्चात राजस्थान प्रशासन से सभी हत्यारों को अभिलंब पड़कर फांसी की सजा दिलाने की मांग की गयी। उक्त श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय वैश्विक महासभा के गढ़वा जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव नीरज कुमार सिंह, संरक्षक उमेश सिंह के अतिरिक्त सत्यम सिंह, पप्पू सिंह, पिंटू , रूपेश, सुरेन्द्र आदि लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य पहुंचे गढ़वा

व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का दिया निर्देश

पदाधिकारियों संग बैठक कर बच्चों के शिक्षा, बाल पलायन, बाल श्रम, मादक पदार्थ का सेवन और अन्य विषयों पर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी अध्यक्षता में सामाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बाल संरक्षण और बाल कल्याण संबंधी विषयों पर जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाएं जा रहे निबंधित प्ले स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों तथा जिलान्तर्गत निबंधित सक्रिय एनजीओ आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। बाल कल्याण और बाल संरक्षण आदि विषयों पर लंबे समय से जिला स्तर पर बैठक आयोजित नहीं करने को लेकर नाराजगी व्यक्त की गयी और निरंतर प्रत्येक तीन महीने के अंतराल में बैठक कराने हेतु निदेशित किया गया।

बच्चों के बौद्धिक विकास, स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा, पोषण, बाल श्रम, मादक पदार्थों का सेवन, पलायन आदि विषयों के जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, खनन विभाग आदि के संबंधित पदाधिकारियों को टीम बनाकर स्कूल, आंगनबाड़ी, फैक्ट्री, दुकान, ईंट भट्टा, क्रशर आदि में उपलब्ध बच्चों/बच्चियों के जांच करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही जिले के प्रत्येक विद्यालयों में कैंप लगाकर अभियान के तहत सभी स्कूली बच्चों के लंग्स, हर्ट और आंख जांच कराने की भी बात कही, ताकि भविष्य में आंख, हर्ट और लंग्स के गंभीर बीमारियों से इन्हें बचाया जा सके। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को शिक्षा विभाग से समन्वय बनाते हुए सभी बच्चों का हेल्थ कार्ड बनवाने का निदेश दिया गया।

बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारी व विभागों को दिये गये विभिन्न निदेशों का अनुपालन 15 दिनों के भीतर करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रणव कुमार, सिविल सर्जन गढ़वा डॉक्टर अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुरमू, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अशोक नायक, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थें।

मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। उच्च विद्यालय चित विश्राम के मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता खेलकूद युवा कार्य निदेशालय झारखंड के तहत पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चित्तविश्राम पंचायत के मुखिया सनिधा सोनी तथा बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। चित्तविश्राम की टीम ने मंगर दह की टीम को एक गोल से पराजित किया। इस अवसर पर नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, पूर्व खिलाड़ी संजय पांडेय, वरीय शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल मैच में रंका प्रखंड के चौदह पंचायत के टीम शामिल होंगे। जिसमें पहले दिन सात और दूसरे दिन सात पंचायत के टीम खेलेंगे। जो टीमें फाईनल में पहुंचेंगे उनके बीच फाईनल मैच खेला जायेगा। इस फुटबॉल मैच में ब्वॉयज और गर्लस टीमें खेल रहे हैं। इस फुटबॉल मैच का शुभारंभ रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, तमगेकला पंचायत के मुखिया रिंकी देवी, फुटबॉल मैच के प्रभारी जेम्स बाड़ा, स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर झामुमो कंचनपुर पंचायत युवा सचिव राजीव कुमार ठाकुर, राजेश कुमार सहित आयोजन समिति के सदस्य, खेल प्रेमी जनता काफी संख्या में उपस्थित थे।

पीएम मोदी के सलाहकार ने कोयला खदान का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। भारत सरकार के पीएम के सलाहकार तरूण कपूर एनटीपीसी एवं मगध कोयला खदान के अपने दो दिवसीय दौरे पर टंडवा पहुंचे।

दौरे के पहले दिन, उन्होंने एनटीपीसी, टंडवा का दौरा किया और सीसीएल और एनटीपीसी पावर प्लांट की समीक्षा के लिए एनटीपीसी गेस्ट हाउस में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। दूसरे दिन उन्होंने मगध कोयला खदान का दौरा किया। तरूण कपूर के आगमन पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री नृपेंद्र नाथ, परियोजन पदाधिकरी सदाला सत्यानारायणा सहित मगध परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। इस अवसर पर पी. एम. प्रसाद, अध्यक्ष, कोल इंडिया, डॉ. बी वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीसीएल, रांची के साथ सीसीएल, रांची के कार्यात्मक निदेशक, सीसीएल, मुख्यालय, रांची के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

फिर दिखा अनियंत्रित तेज रफ़्तार का कहर

हादसों में दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू / लोहरदगा । कुडू में एक बार फिर तेज रफ़्तार का कहर देखने को मिला। पहली घटना कुडू कैरो मुख्य पथ कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोबा बर टोली के समीप की है जहां शनिवार की दोपहर करीब 1 : 30 बजे दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक पर सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडू भेजा। जहां चिकित्सक ने एक और को मृत घोषित कर

दिया, जबकि दूसरे की हालत गम्भीर होने पर रिम्स रांची रेफर कर दिया। मृतकों की पहचान लोहरदगा के कैरो थाना अंतर्गत नगजुवा चरिमा निवासी बजरंग गोप 22 वर्ष पिता किशुन गोप, रूपेश यादव 20 वर्ष पिता महावीर गोप के रूप में हुई। प्राप्त सूचना के अनुसार दोनों कैटरर का का करते थे और अपनी होंडा एसपी बाइक से गढ़वा जा रहे थे। वहीं घायल की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के कोसिमरी रोनिया टोली निवासी निवारण उरांव 18 वर्ष पिता धनु भगत के रूप में हुई है। निवारण अपनी पैशन बाइक से टाटी की ओर से अपने घर जा रहा था। फिलहाल पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के कोकर के समीप की है जहां एक कार की चपेट में आने से फुलसुरी कोठीटोला निवासी संजय मुंडा नामक एक युवक का पैर टूट गया जिसे रिम्स रेफर किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 3472 वादों का तुरंत निपटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार । लातेहार को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार श्री अखिल कुमार केनिदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण मे झालसा एवं नालसा के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल कुमार ,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार, कटुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितिय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा एवं अधिवक्ता संध लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर अखिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने कहा कि विवाद समाज में सघर्ष उत्पन्न करता है। परंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जहॉ न कोई हारता है और न कोई जीतता है, यहां विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 07 बेंच बनाए गए थे। जिसमें इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-3472 वादों का निष्पादन किया गया तथा कुल 16943620/- रू मात्र राजस्व की वसूली की गई। इस मौके पर स्थायी लोक अदालत के 106 लाभुकों को चेक प्रदान किया गया। मोटरवाहन दुर्घटना वाद के तहत एक मामला में रू0 4,50,000/- का चेक प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने किया, जिन्होने समय-समय पर आयोजित होने वाले लोक अदालत के महत्वपूर्ण और लाभकारी पक्षों का वर्णन किया साथ ही इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में सभी की भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

हमारा संकल्प विकसित भारत में ग्रामीणों को दिया गया गैस चूल्हा

संतोष सिन्हा

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। आज बालूमाथ प्रखंड मे हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत धाधु और झाबर पंचायत में कार्यक्रम महिला समूह के द्वारा प्रामपरिक तरीके से नृत्य एवम स्वागत गान कर के मुख्य अतिथि बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा ओरांव भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार धाधू मुखिया कुमारी भगवती एवम पवन यादव का किया गया।।

भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने मोदी जी की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए मोदी सरकार की गारंटी की बात कही। एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित ने कहा की मोदी सरकार की महत्पूर्ण योजनाओं में से गरीब कल्याण अन्न योजना प्रधानमंत्री आवास योजना नल जल योजना जन धन योजना उज्जवला योजना समेत सैकड़ों योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मुखिया महोदया के दौरा भी सभी की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।कार्यक्रम में स्वस्थ विभाग जेएसएलपीस गैस वितरक कल्याण विभाग वेलफेयर सोसायटी समेत सभी विभाग के कर्मी अपना स्टॉल लगा कर ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से अपील किया गया की जायदा से जायदा लाभ लिया जा सके। रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन राजन यादव के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में केंद्र सरकार के सभी योजना की जानकारी दी गई और उज्वला योजना के माध्यम से जनता एचपी गैस के द्वारा चूल्हा का वितरण मंच पे अथितियो के द्वारा लाभुक को दिया गया। दोनो पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा बच्चो को अन्नप्राशन भी किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मुखिया पंचायत समिति मुकेश यादव, बिनोद यादव, संतोष टेकर, राजेंद्र ठाकुर, धनेश्वर ठाकुर, गणेश यादव, ओमप्रकाश यादव, बालगोविंद प्रजापति, उदय यादव, फुलदेओ यादव, बरती यादव, लक्ष्मण यादव, प्रयाग लोहरा, राजू गोप, फरीद खान समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

दो वाहनों में टक्कर, कोई हताहत नहीं

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र में रात्रि लगभग 11 बजे सेन्हा रामनगर में लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में मैजिक मालवाहक एवं बोलोरो के टक्कर में दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ रामनगर पहुंच क्षतिग्रस्त दोनों वाहन को जब्त करते हुए थाना ले गये और घटना का जायजा लिया। मैजिक मालवाहक जे एच 01 डी यू 4359 के चालक अनियंत्रित वाहन को संभालने में असमर्थ रहा और रामनगर के समीप रास्ता के किनारे खड़ी बोलोरो यू पी 80 ई टी 7855 में टक्कर मार दिया, जिससे दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बोलोरो में या समीप किसी व्यक्ति का होने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। दुर्घटना के दौरान मैजिक मालवाहक द्वारा गाड़ी को धक्का मारने के पश्चात पलट गया जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उठाया गया, और घटना की सूचना सेन्हा थाना को दिया गया।मैजिक मालवाहक के चालक बचा जिसे कोई हताहत नही हुआ।

एनजीओ से सफाई कार्य कराने का हुआ विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, लोहरदगा की एक आम बैठक नगर परिषद पुराना कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से लोहरदगा नगर परिषद में एनजीओ के द्वारा सफाई कार्य कराने का कर्मचारियों ने विरोध किया। तमाम उपस्थित कर्मियों ने कहा कि एन जी ओ आने का मतलब हमलोगों पर अघोषित रूप से आरोप लगाया जा रहा है कि हमलोग सही रूप से सफाई कार्य नहीं करते हैं। जबकि लोहरदगा नगर परिषद सफाई कार्य में दो-दो बार पारितोषिक पा चुका है। एक बार तो महामहिम राष्ट्रपति महोदय स्वंय उपायुक्त महोदय लोहरदगा को दिल्ली बुलाकर अपने कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किये। अभी भी लोहरदगा नगर परिषद सफाई के मामले में अव्वल है। इसलिए नगर प्रशासक लोहरदगा/ उपायुक्त से अनुरोध है कि एनजीओ के बदले अपने कार्यरत सफाई कर्मियों से ही सफाई कार्य करवाया जाय। इससे सरकारी राशि का भी दुरूपयोग नहीं होगा। कार्यक्रम में काफी संख्या में सफाई कर्मीगण शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कुमार सिंह ने की।

बिरसा फसल विस्तार योजना में किसानों के बीच बीज नैनो यूरिया का वितरण

कैरो (आजाद सिपाही) । प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 09 दिसंबर शनिवार को जिला कृषि कार्यालय सह परियोजना निदेशक लोहरदगा के द्वारा कैरो प्रखंड कार्यालय परिसर मे प्रखंड के किसानो के बीच किया गया मकई व सरसों बीज का वितरण। इस अवसर पर कैरो पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र महली,सहायक तकनिकी प्रवंधक सुमन तिग्गा, अनुराधा केरकेट्टा ने प्रखंड के उतका,कैरो,गजनी,नरौली व नगड़ा के किसानो के बीच 05 किलोग्राम मकई,व सरसों बीज एवं कीटनाशक का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहायक तकनीकि प्रवंधक अनुराधा केरकेट्टा ने बताया कि किसानों की आय दुगुनी करने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा विरसा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत जिला कृषि कार्यालय सह आत्मा परियोजना निदेशक लोहरदगा के सौजन्य से 100% अनुदान पर मक्का की किस्म डीएचएम 121 प्रजाति का बीज प्रति किसान 05 किलोग्राम के हिसाब से वही 02 किग्रा सरसो बीज व कीटनाशक का वितरण किया जा रहा है। मकई का बीज से मात्र 30-40 दिनो मे फसल तैयार हो जायेगा। प्रखंड के 13 किसानो के बीच मकई का बीज एवं 14 किसानों के बीच सरसो के बीज का वितरण किया गया।इस अवसर पर भरत भगत,संजय साहू,सुखमानिया उराँव,केशिया भगताईन,बालकी लोहरा,अयोध्या सिंह,सच्चिदानंद साहू,तमन्ना खातून,मोहर लोहरा,रवि उराँव इत्यादि किसानों के बीच किया गया मकई व सरसों बीज का वितरण।

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने मदरसा का दौरा किया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने कुडु प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारीडीह में मदरसा मुफीदुल इस्लाम का दौरा कर इस मदरसा के नाजिम मौलाना हुसैन साहब से सारी जानकारी ली। मौलाना साहब ने बताया कि इस मदरसा में 200 से अधिक बच्चे तालीम हासिल करते है यहां इस्लामिक शिक्षा के साथ-साथ स्कूली शिक्षा भी दी जाती है यहां से हर साल वोस्टानिया फोकानिया एवं मौलवी के लिए छात्र सामिल होते है। आग्रह किया कि अधिक बच्चे होने के कारण बच्चों के बैठने और रहने मे काफी परेशानी होती है। बच्चों के लिए क्लास रूम, छात्रावास अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से निर्माण कराने की मांग की। इस पर श्री कुरैशी ने आश्वस्त कराया कि इस दिशा में बहुत जल्द प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत क्लासरूम एवं छात्रावास निर्माण कराने की दिशा में पहल किया जाएगा। एमएसडीपी का नाम बदलकर प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम कर दिया गया है अब इसी के तहत वो सारे अल्पसंख्यक कल्याण से जुडे.काम जो एमएसडीपी के तहत होता था, होता रहेगा। मौके पर नसीम अंसारी, मुनीम अंसारी रौनक इकबाल, प्रवेज आलम, शहजाद अंसारी मौलाना अख्तर, जुबैर अंसारी एवं आदि काफी लोग उपस्थित थे।

जलछाजन योजना से 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह । बरवाडीह प्रखंड के उकामाड़ पंचायत मे झारखंड जलछाजन योजना से 10 दिवसीय बांस उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार से प्रारंभ हुआ। 09 से 18 दिसंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला तकनीकी विशेषज्ञ , बुद्धदेव पाल , उकामाड़ मुखिया पूनम देवी, जलछाजन कर्मी अजित यादव, अनिल प्रसाद, गौतम पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तकनीकी विशेषज्ञ बुद्धदेव पाल ने बांस के महत्व और इसके जीवन में उपयोगिता के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि बांस की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपने स्तर पर योगदान देने के लिए प्रेरित किया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बांस और इसके महत्व, बीज जैविकता, एकण, भंडारण एवं बुआई पूर्व उपचार तथा बांस की पारिस्थितिक, बांस की प्रजनन विधि एवं कृषि वानिकी, बांस की नर्सरी एवं कीटोपचार, बांस पर निर्भरता एवं आजीविका मुद्दे, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व आदि विषयों पर विस्तृत दी गई।

झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक कल मध्य विद्यालय आश्रम में होगी। बैठक में आगामी आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई जायेगी। इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष अतुल कुमार और महासचिव अनूप कुमार ने दी। साथ ही उन्होंने कहा की आज हम सभी सहायक अध्यापकों को छला जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में केवल सहायक अध्यापकों को ठगने और बरगलाने का काम किया है। जिससे हमें आंदोलन के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आ रहा है। साथ ही दोनों ने कहा कि हम बच्चों के भविष्य बनाने का काम करते हैं पर हमारा भविष्य ही अंधकार में नजर आ रहा है।

समस्याओं को सुलझाने में मदद करते हैं सीआरपीएफ जवान: जोशी

आजाद सिपाही संवाददाता

गारू। प्रखंड के मारोमार खेल मैदान में सीआरपीएफ के द्वारा शिविक एक्सन प्रोग्राम का शनिवार को बी/214 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, मारोमार, लातेहार (झारखण्ड) मे के डी जोशी, कमाण्डेन्ट 214 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसके तहत ग्राम मारोमार एवं आस-पास के गाँव सुरकुमी,मिरचईया, हैनार, हेसवा, जयगिर मनोधरटोला, रेपेकरचा ग्रामवासियों जरुरतमंद लोगो के बीच अति आवश्यक सामानों, जैसे जिनके मकान में छत नहीं है उनके लिए टिनशीट,जिसके घर में लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, रात के समय रोशनी हेतु सोलर लाइट,कीडे-मकोडे एवं मच्छर से बचाव हेतु मच्छरदानी, दैनिक उपयोग के इस्तेमाल हेतु कढाई एवं परात वितरित किया गया, जिसका उपयोग कर सुखमय जीवन यापन कर सके। बताते चलें कि बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहता हैं। बटालियन हमेशा से ही क्षेत्र के लोगो के सुख-दुख का सहभागी रही है एवं क्षेत्रीय जनता के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रही है इसका उद्देश्य ग्रामीणों एवं बटालियन के बीच समन्वय स्थापित करना है ।

इस अवसर पर केडी जोशी, कमाण्डेन्ट 214 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,श्री मंगला प्रसाद सिंह (सहायक कमाण्डेंट), निरीक्षक / जीडी निशांत मिश्रा एवं निरीक्षक / जी०डी०प्रदीप कुमार सिंह एवं काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे ।

'उलगुलान रैली में होंगे हजारों लोग शामिल'

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संरक्षक सत्येंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्णा सिह, विभाग संगठन मंत्री सुमन उरांव मौजूद रहे। बैठक में आगामी 24 दिसंबर को राजधानी रांची मेंआयोजित होने वाली आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली जन जागरण को लेकर विचार विमर्श किया गया। रांची में एक विशाल रैली का आयोजन हो रहा है। इसमें लातेहार जिले से भी भारी संख्या में लोगों को ले जाने की व्यवस्था को लेकर भी मंत्रणा की गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत के मसमानो गांव स्थित स्कूल मोड़ के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी सेविका, आयुष्मान भारत, बैंकिंग के अलावे अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कल 39 लोगों ने अपना बीपी, शुगर का जांच कराया। वही आयुष्मान भारत के तहत 25 लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका के सहयोग से मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी के द्वारा गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम के अनुश्रवण के निमित्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से दो सदस्य टीम उक्त कार्यक्रम स्थल पहुंची। दो सदस्य टीम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के एचएम 3 के डायरेक्टर (आईएएस) डॉ सरोज कुमार, एनएचएम के कोऑर्डिनेटर डॉ शशांक शर्मा शामिल थे। वहीं टीम के साथ अन्य सहयोगी प्रोटोकोल ऑफीसर डॉ लाल मांझी, एसईओ डॉ राकेश दयाल, मीडिया परामर्श अजय शर्मा, एसपीएम अकय मिंज भी शामिल थे। टीम ने उक्त कार्यक्रम में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधा संबंधी जानकारी ली। स्टॉक दवा, परिवार सर्वे, सहिया को मिलने वाले सहयोग राशि, प्रत्येक दिन भेजी जाने वाली रिपोर्ट, स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट सहित अन्य मामले पर जानकारी लिया। टीम ने स्वास्थ्य संबंधी मामले पर कई दिशा निर्देश भी दिए। उपस्थित सभी लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भंडरा अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार यादव, मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी, उप मुखिया अशोक कुमार, बीपीओ अभिषेक किशोर, 15वित्त आयोग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष अग्रवाल, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, रविंद्र उरांव, कनीय अभियंता रवि तिग्गा, डॉ सोनिमा अग्रवाल, सहित काफी संख्या में गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

सूबे की सरकार सभी वर्गों के लिए हो रही वरदान: शशिभूषण तिवारी

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केचकी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचंद्र सिंह के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,बीस सूत्री सदस्य शशिभूषण तिवारी ने शिरकत की। पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित शिविर का उद्घाटन विधायक,जिला परिषद सदस्य और अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सीधे जरूरतमंद ग्रामीणों को देने को उद्देश्य सें आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है जो काफी सार्थक साबित हो रहा है। वही मौके पर मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, बीपीओ त्रिवेणी राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू , रोजगार सेवक कमलेश कुमार सिंह, प्रधानमंत्री आवास समन्वयक दीपक कुमार, बीस सूत्री के सदस्य भूषण तिवारी, आरती देवी दास, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद थे ।

दो युवकों ने मिलकर चाकू से एक को किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला । महावीर चौक के समीप स्कूटी सवार दो युवकों ने पटेल चौक निवासी 32 वर्षीय राकेश कुमार साहू पिता देवेंद्र साहू को अंधाधुंध चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए घायल युवक राकेश कुमार साहू ने बताया महावीर चौक के समीप खड़ा था तभी एक युवक ब्लू रंग के स्कूटी से बड़ाइक मोहल्ला की ओर से गली में आया और मुझे बुलाया मैं उसके पास नहीं गया जिसके बाद वह बड़ाइक मोहल्ला की ओर चला गया और 5 मिनट बाद पुनः एक लड़का के साथ वापस आया फिर दोनो मेरे पास आए और कमर से चाकू निकाला और ताबड़ तोड़ मुझ पर हमला कर दिया। वहीं चाकू मेरे पेट पीठ व चेहरा में लगी। वही चाकू मारने वाला का नाम पवन वर्मा पिता स्वर्गीय टुन्नू वर्मा बताया। दूसरे युवक का नाम वह नहीं बता पाया लेकिन वह उसे चेहरा से पहचानता है। घटना के बाद दोनों युवक जशपुर रोड की ओर फरार हो गए। वहीं पवन वर्मा का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है वह कई बार जेल भी जा चुका है। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को डॉक्टर ने इलाज के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया। वही युवक को 7 से 8 जगह पर चाकू लगी है। वहीं घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी गुमला थाना को मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

दो वर्षों से फरार माओवादी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला । गुमला एसपी हरविंदर सिंह को मिले गुप्त सूचना के आधार पर कुरुमगढ थाना की पुलिस ने वर्ष 2021 में कुरुमगढ थाना क्षेत्र के केरागानी पकरी पाठ में नक्सलियों का पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ व आईडी ब्लास्ट की घटना में शामिल रहने वाले माओवादी के सक्रिय सदस्य परवेज आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार परवेज आलम सदर थाना छेत्र के टोटो का रहने वाला है। एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि जिले में उग्रवादियों एवं उग्रवादी समर्थकों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि गुमला थानान्तर्गत ग्राम टोटो निवासी नक्सली कांडों का फरार माओवादी समर्थक सह सक्रिय सदस्य परवेज आलम पिता जिब्राईल मियां गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे है। वह पूर्व में संवेदकों को डरा-धमकाकर नक्सलियों के लिए लेवी वसूलने का काम करता था। इस सूचना का सत्यापण एवं आवश्यक कारवाई हेतु थाना प्रभारी कुरूमगढ़ थाना के नेतृत्व में थाना के पदाधिकारी एवं कुरूमगढ सैट-13 सशस्त्र बल को शामिल कर छापामारी दल का गठन कर शुक्रवार की शाम ग्राम टोटो स्थित अभियुक्त के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान परवेज आलम को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद परवेज ने पुलिस के समक्ष दिए अपने अपराध स्वीकारोक्ति ब्यान में नक्सली घटनाओं में संलिप्ता को स्वीकार करते हुए क्षेत्र में उग्रवादियों को विस्फोटक पदार्थ पहुँचाने, लेवी दूसलने, राशन पहुँचाने, पुलिस गतिविधि की सूचना देने की बात स्वीकार की है। पुलिस को परवेज ने बताया कि उसके अलावा टोटो के कई ऐसे लोग है जो ठेकेदारी के आड़ में नक्सली कमांडर बुधेश्वर व लाजिम (अब मृत) के अलावा इलाके में अब भी सक्रिय रंथु उरांव के लिए फाइनेंसियल स्पोर्ट व खाद्यान सामग्री के अलावा अन्य समान पहुँचाते है । जिसके कारण इलाके में नक्सली पैर पसारने में कामयाब रहते है। एसपी ने कहा कि ऐसे लोगो को भी चिन्हित कर गोपनीय तरीके से कार्रवाई की जा रही है। नक्सलियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से स्पोर्ट करने वालो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जाएगा। छापामारी दल में कुरुमगढ थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुअनि अमर पोद्दार शामिल थे।

बाजारटांड़ पंचायत भवन के समीप 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोनबीर बाजार टाड पंचायत भवन के समीप सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मनरेगा, अबुआ आवास, समाज कल्याण , पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग,बिजली विभाग,पेंशन समेत सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित झारखण्ड के पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उराँव,बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा,कोनबीर मुखिया अमृता देवी, बनई मुखिया एमलेन कुल्लू, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, प्रमुख जगरानी तिग्गा,कॉंग्रेस नेता सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य जेडी नायक,जेएमएम कार्यकर्ता संजय कुजुर द्वारा कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले, पेंशन, केसीसी, वृद्ध असहाय लोगो के बीच कम्बल, जॉब कार्ड का वितरण लाभुकों के बीच वितरण किया गया।

जिला प्रशासन के पुस्तक मेला का हुआ समापन

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेले का शनिवार को समापन हुआ।पुस्तक मेले में हजारों की संख्या में उपलब्ध पुस्तकों ने विद्यालय के बच्चों को आकर्षित किया। सैंकड़ों की संख्या में कई विद्यार्थियों एवं पाठकों ने इस पुस्तक मेले में भाग लिया एवं अपने पसंदीदा पुस्तकों को क्रय किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि , गेस्ट स्पीकर के रूप में कुडुक भाषा के लिपि को तैयार करने वाले डॉ. नारायण उरांव, भारत के लेखक एवं कवि निलोत्पल मृणाल, सुश्री राज कुमारी एवं साहित्यिक लेखक रणेद्र कुमार, एवं यदुवंश प्रणय ने आज के कार्यक्रम में भाग लिया। गेस्ट स्पीकर्स ने अपनी जीवनी एवं साहित्यिक विचारों को सभी से साझा किया। कार्यक्रम में ओपन माइक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें जे.ए.एस पदाधिकारी सुमित कुमार, ताशा झा, एडीएफ फेलो रमेश कुमार,वैष्णवी केरकेट्टा, दिलदार सिंह सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया एवं अपने विचारों तथा कविताओं को सबके समक्ष रखा। झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को देखने अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सुनील कुमार वर्णवाल भी पहुंचे। उन्होंने पुस्तक मेले में लगे स्टॉल्स का भ्रमण किया एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस पहल की सराहना की।इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी मौजूद रहें।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच किया गया साइकिल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर । चैनपुर प्रखंड के जनावल पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह, जीप सदस्य मेरी लकड़ा प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के द्वरा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में अबुवा आवास, मनरेगा, कृषि एवम पशुपलन विभाग, सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागो के द्वारा स्टॉल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन लिए गए। गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आप लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम का आप सभी ग्रामीण भरपूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष परिसंपतियो का वितरण किया गया। वही स्वयं सहायता समूह एवं स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुंवर राम मोची के द्वारा किया गया उन्होंने उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

वही कार्यक्रम में उपस्थित जीप सदस्य मेरी लकड़ा व प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी साथी कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आप लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए चलाई जा रही है। मौके पर मुख्य रूप से बीटीएम राजेंद्र तिर्की, आवास समन्वय कमलेश बारला, बाल विकास विभाग कवेरी, कल्याण पदाधिकारी हुलेस प्रसाद, पशुपालन पदाधिकारी धर्म रक्षित विधार्थी, मुखिया प्रियंका अशुर सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना, जो विभिन्न चरणों में हो रही है: वर्णवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शनिवार को अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार सुनील कुमार वर्णवाल, गुमला पहुंचे। श्री वर्णवाल विकसित भारत संकल्प यात्रा के झारखंड प्रभारी पदाधिकारी है। परिसदन भवन गुमला के सभागार में वर्णवाल द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जानकारी देते हुए श्री वर्णवाल ने बताया कि सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जो विभिन्न चरणों में संपादित हो रहा है। योजना के तहत आईईसी वैन जिले के सभी पंचायतों का दौरा करेगी।जहां जमीनी स्तर की गतिविधियां होंगी। इन जगहों पर लोगों से बात की जाएगी और उन्हें केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन तैयार की गई हैं, जो देश के एक विशाल क्षेत्र को कवर करेंगी. क्योंकि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि योजनाओं का लाभ एक समय में लोगों के सभी वर्गों तक पहुंचे। आईईसी वैन गुमला जिला के सभी पंचायतों में जाकर योजनाओं की जानकारी आमजनों को देगी। कार्यक्रम को लेकर प्रभारी पदाधिकारी द्वारा वैन का रूट चार्ट अच्छे से बनाने, जिला स्तर पर कंट्रोल इसे कंट्रोल करने, नोडल एवं प्रभारी पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करने, संकल्प यात्रा से पूर्व संबंधित पंचायतों में 1 से 2 दिन पूर्व इससे संबंधित आम नागरिकों को जानकारी देने, योजनावार तरीके से कार्यक्रम का आयोजन करने, ऑन द स्पॉट स्कीम से जुड़े क्विज प्रतियोगिता का ग्रामीणों के बीच आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत करने, किसी भी क्षेत्र में शत प्रतिशत अचीवमेंट करने वाले पंचायतों के मुखिया को सम्मानित करने समेत कई आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिला कांग्रेस कमिटी ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन, दीर्घायू उम्र की कामना की

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का जन्म दिन मनाया गया। चैतू उरांव ने कहा कि सोनिया गांधी लोगों के अधिकारों की अथक वकालत करने वाली, साहसी, धैर्य और निस्वार्थ बलिदान के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझते हुए अत्यंत कृपा की प्रतीक रही हैं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए वृद्धा आश्रम स्टार लाइट इंटरनेशनल चैरिटेबल सोसायटी ग्राम तिरा? गुमला मे सभी लोगों के साथ मिलकर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। साथ ही सभी लोगों के बीच फल, ब्रेड का वितरण किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने सभी लोगों से बातचीत कर हाल समाचार भी जाना। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम, महासचिव फिरोज आलम, सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, अक्षय सिंह, सचिव तरुण गोप, जयंती टोप्पो,संजय कुमार कुकु खड़िया,चिमो देवी,गंगा मुंडा,फागु मुंडा समेत माता-पिता सभी वृद्ध लोगों की उपस्थिति थी।

कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, पोषक है, संरक्षक है: सुदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानो से 300 करोड रुपए की नगद बरामदगी के मुद्दे को लेकर शनिवार को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है । पिछले दो दिनों से कांग्रेस के नेता व झारखंड से राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से हुए आईटी की छापेमारी में लगभग 300 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं । यह बरामदगी भारत के इतिहास में किसी एक छापेमारी में मिले नकद राशि का रिकॉर्ड है । कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार का पुराना रिकॉर्ड है । उन्होने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है , पोषक है , संरक्षक है । कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व हो या इनके क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी , सांसद , विधायक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं । अब तो कांग्रेस के क्षेत्रीय नेता अपने राष्ट्रीय नेतृत्व से भ्रष्टाचार में प्रतिस्पर्धा कर रहे । नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की है। अब एक सांसद के ठिकानों से लगभग 300 करोड़ रुपए कैश बरामद हुए हैं । उन्होंने आगे कहा कि केवल झारखंड में 70000 करोड़ रुपए के घोटाले उजागर हुए हैं ।

एक तरफ झारखंड के मुख्यमंत्री ईडी की जांच के घेरे में हैं , दूसरी ओर कांग्रेस भी राज्य में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल है । भ्रष्टाचार इतना कि मशीन भी नोट गिनते - गिनते थक जा रहे ।

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से 10938 वादों का निपटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशन में 09 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, गुमला परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी सहित न्यायिक पदाधिकारीगण तथा बार प्रेसिडेंट, गुमला, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए दस बेंचो का गठन किया गया था। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत मामलों को सुलझाने का सबसे सस्ता तथा त्वरित प्लेटफॉर्म है जहां विवाद दोनों पक्षों की सहमति से खत्म होता है तथा लोक अदालत से समाप्त मामलों का अपील भी नहीं होती है। उन्होंने लोगों से इस फोरम का उपयोग अपने मामलों के त्वरित निपटारे के लिए करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में लाभुकों को चिन्हित कर परिसंपत्तियों को वितरण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 10938 मामलो का निष्पादन किया गया जिसमे 16,75,24,712/- रुपये का राजस्व संग्रहित किया गया।

इस कार्यक्रम में शेष नाथ सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, डी सी अवस्थी, संजीव भाटिया, मनोज कुमार तथा भूपेश कुमार अतरिक्त जिला जज, एसीजेएम मनोरंजन कुमार, सब जज श्रीमती निर्मला बरला, अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी प्रणव कुमार एवं सुश्री जया स्मिता कुजुर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, शंभू सिंह सदस्य स्थाई लोक अदालत ,अधिवक्ता गण, प्रकाश कुमार, आशा पूनम, मनीष कुमार तथा भारी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

युवती की हत्या के विरोध में फूंका सीएम का पुतला

गुमला (आजाद सिपाही)। विगत तीन चार दिन पहले रनियां प्रखंड के ग्राम - जयपुर की रहने वाली अर्चना कंडुलना की हत्या के विरोध में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। बताते चलें कि उक्त आदिवासी बालिका की ग्राम फोरी में विशेष समुदाय के लड़के के द्वारा अपना नाम बदलकर बादल बताया और शादी का झांसा देकर आदिवासी बालिका अर्चना कंडुलना को फोरी लाकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस मौके पर एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामावतार भगत ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर राज्य में शासन करने वाले हेमंत सोरेन को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। जब से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बने हैं तब से खास करके विशेष समुदाय द्वारा आदिवासी बच्चियों को निशाना बनाया जा रहा है। हर जगह लड़कियों-महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण-बलात्कार यहां तक कि हत्या भी कर दी जा रही है। हत्या भी इतनी क्रूरता से की सर कहीं पर, और शरीर का अन्य भाग कहीं पर मिल रहा है, अर्चना कंडुलना के हत्यारे को फाँसी मिलना चाहिए, आदिवासियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामावतार भगत, देवेंद्र लाल उरांव, मंगल सिंह भोक्ता, विकास सिंह, दिनेश सिंह, महामंत्री सत्यनारायण पटेल आदि प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अपर सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुमला के सिलाफारी पंचायत में लगे शिविर में अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, सुनील कुमार वर्णवाल पहुंचे। वहीं सांसद सुदर्शन भगत, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, अपर समाहर्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। उन्होंने सिलाफरी पंचायत भवन परिसर में आयोजित शिविर में लगे स्टॉल्स का निरीक्षण किया। साथ ही वहां आए नागरिकों के बीच जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर आम जनों से मुलकात की। इस दौरान वहां उपस्थित सभी नागरिकों को केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। एवं नागरिकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम किसान योजना, केसीसी, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम फसल बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, दिन दयाल अंत्योदय योजना, पीएम मत्स्य संपदा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि,आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना, पीएम सुरक्षा, पीएम जीवन ज्योति योजना जैसे कई कल्याण कारी योजनाओं के विषय में वहां उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी गई। सुनील कुमार वर्णवाल, सांसद सुदर्शन भगत एवं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वार संयुक्त रूप से लगभग 25 लाभुको के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्ति का वितरण किया गया एवं शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत नए आवेदन लिए गए तथा 150 से अधिक नागरिकों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस दौरान लैंड रिकॉर्ड के शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के लिए सिलाफारी पंचायत के मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर सुनील कुमार वर्णवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लगे शिविर में भाग लेकर उन्हें अच्छा लगा । जिला प्रशासन की पहल से शिविर में हजारों की संख्या में लाभुकों की उपस्थिति देखने को मिली जिसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार सभी जिलों में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रति जागरूक करना एवं आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित करना है। मौके पर उपस्थित सांसद सुदर्शन भगत ने आम नागरिकों को भारत सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया साथ ही योजनाओं से होने वाले लाभ के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रयास से आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक एवं योजनाओं से लाभान्वित करने का विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं महत्वपूर्ण कदम है।

16 को अयोजित होगा युवा मिलन सम्मेलन

गुमला (आजाद सिपाही)। 16 दिसंबर को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी का युवा मिलन सम्मेलन गुमला में अयोजित किया जाएगा । यह समारोह गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में किया जायेगा। युवा कांग्रेसियों ने बताया कि इस संबंध मे गुमला जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक सर्किट हाउस गुमला में की गई। जिसमें झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी आफताब आलम मौजुद थे। जिसमें लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के युवा मिलन सम्मेलन का आयोजन की तिथि पर सहमति बनी। जिसमें युवा कांग्रेस के पुराने पदाधिकारीयों को सम्मानित किया जाएगा जिसमें युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शेषनारायन ओझा प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज झारखन्ड सरकार के मंत्री सहित पार्टी के पदाधिकारि शामिल होंगे। मौके पर सह प्रभारी संदीप कुमार,पुर्व अध्यक्ष राजनील तिग्गा, रोहित उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पलामू सांसद ने गिनायीं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना लक्ष्य: वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा प्रखंड अंतर्गत लोहड़ा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय प्रांगण में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विनोद कुमार सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, अविनाश वर्मा, जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, शिव कुमार मिश्रा और जिला प्रतिनिधि विजय ओझा के अलावा कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी एवं पंडवा बीडीओ चंदेश्वर प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया गया। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि की समूचित जानकारी दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उनके बीच केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना व लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सपना 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है। सांसद ने लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायतों में निर्धारित स्थान पर उक्त कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होकर केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें एवं इसका लाभ उठाएं। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें उपस्थित लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करा रहे हैं। टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी जा रही है। स्किल सेल एनीमिया की जानकारी प्रदान की जा रही है। ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाइयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष दिया जा रहा है। सांसद द्वारा जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। मौके पर पड़वा के सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर मेहता, पंकज तिवारी, जिला सांसद सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, सुभाष मेहता, सीओ हलधर सेठी, मुखिया सुनीता देवी, पंसस ललिता देवी, सीडीपीओ स्वीटी सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमित चौबे, कृष्णा मिश्रा, नारद मिश्रा, विक्रम पाल, निर्मल यादव आदि थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद विष्णुदयाल राम। मंच पर मौजूद अन्य लोग।

वीडियो कॉल पर नकली सोना दिखाकर लूटनेवाले तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

आरोपितों के पास से लोडेड हथियार बरामद, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। वीडियो कॉल पर नकली सोने का बिस्किट दिखाकर खरीददारों को लूटने वाले तीन अपराधियों को सदर थाना पुलिस ने जोरकट मोड़ से गिरफ्तार किया है। उनके पास से पीतल से बनी दो सोने की बिस्किट, तीन हथियार, तीन कारतूस, एक बाइक और अग्नेयास्त्र बनाने के कई सामान बरामद किए गए हैं। शनिवार को एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक से तीन अपराधी जा रहे हैं। शहर थाना एरिया पार करने की सूचना मिलने पर सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु कुमार ने जोरकट मोड़ पर उन्हें खदेड़ कर पकड़ा। उनके पास से तीन हथियार बरामद हुए। एक दो नाली हथियार मिला, जबकि दो एक नाली, तीन कारतूस और बाइक बरामद हुई। एसपी ने बताया कि उनके पास से पीले रंग का बिस्किट आकार का धातू दो पीस मिला। अपराधियों की पहचान हुसैनाबाद निवासी पिंटू कुमार, गुड्डू भुइयां और चैनपुर के सेमरटाड़ के रहने वाले राजा चंद्रवंशी के रूप में हुई है।

आरोपित पिंटू कुमार बनाता था हथियार

एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अपराधियों ने स्वीकार किया कि वीडियो कॉल के माध्यम से नकली सोना दिखाकर खरीदने का लालच देते थे। रेट तय कर सुदूरवर्ती इलाके में बुलाते थे और फिर हथियार का भय दिखाकर उनसे नगद राशि लूट लेते थे। तीनों का आपराधिक इतिहास रहा है। वे लोग जेल भी जा चुके हैं। इनके तार बड़े गिरोह से भी जुड़े रहने की जानकारी मिली है। पुलिस जल्द इस मामले में खरीददार और गैंग के बारे में भी जानकारी देगी।

बीमार पति के इलाज के लिए पत्नी ने मांगी मदद

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी पंचायत के सोनबे गांव निवासी सरिता देवी अपने बीमार पति गोपाल साव के इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई है। उसने कहा कि पति के लिवर में संक्रमण हो गया है। पैसे के आभाव में संपूर्ण इलाज नहीं हो पा रहा है। महिला ने बताया कि उसके छोटी-छोटी तीन लड़की और एक लड़का है। घर में कमाने वाला कोई नहीं है। ऐसे में पति के साथ कुछ अनहोनो हो जाती है तो बच्चे सड़क पर आ जाएंगे। इस दौरान ग्रामीण सुखलाल साव, रामलाल साव, विनोद साव, डोमन साव, रंजन कुमार, मंदीप कुमार, संतोष साव आदि लोगों ने बताया कि 2017 में दोबटिया मोड़ पर गोपाल साव का सड़क दुर्घटना हुआ था। जिसमें लिवर डैमेज कर गया था। काफी इलाज के बाद सुधार हुआ और कामकाज कर रहा था। पिछले दो महीने से दोबारा स्थिति खराब है और जोत जमीन बेचने के बाद भी संपूर्ण इलाज नहीं हो पाया है।

करणी सेना ने निकाला मशाल जूलूस

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के पांकी में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संस्थापक सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में शनिवार को आक्रोश मशाल जुलूस निकाली गई। जुलूस पुराना ब्लॉक समाजसेवी प्रिंस सिंह के आवास से कपूरी चौक होते हुए भगत सिंह चौक के रास्ते होते हुए अंबेडकर चौक तक निकली गई। जुलूस अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैनर तले निकली गई। मौके पर प्रिंस सिंह उर्फ अविनाश सिंह, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान उर्फ रिंकू सिंह, मुखिया मुकेश सिंह, अरविंद सिंह, बबलू सिंह, पगार मुखिया पति रिंकू सिंह, अरुण सिंह, नित्यानंद सिंह उर्फ रिंकू सिंह, छोटू सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, अजित सिंह, सतीश सिंह आदि मौजूद थे।

छिपादोहर में बाबा ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट के नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ

विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट के नये प्रतिष्ठान का शनिवार को विश्रामपुर के छिपादोहर कला में शुभारंभ हुआ। बाबा ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट का उद्घाटन वरीय समजसेवी छोटन उपाध्याय व बीजेएमसी के जिला अध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। छोटन उपाध्याय ने कहा कि छोटे जगह पर इतने बड़े रेस्टोरेंट का खुलना यह संकेत देता है कि विश्रामपुर क्षेत्र का विकास उतरोतर गति से हो रहा है। ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि विश्रामपुर नप मुख्यालय के छिपादोहर कला में भी व्यापार की अपार सम्भावनायें है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिकारी व मुखिया ने दी योजनाओं की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के तूरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार, सीओ यामुन रविदास आकांक्षी ब्लाक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, मुखिया संदीप यादव की ओर से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के माध्यम से आमजनों ने अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये गए। शिविर में 7 स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना का लाभ देने के साथ ही लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और कंबल वितरित किया गया। जबकि बाल विकास परियोजना अंतर्गत चार महिलाओं का गोदभराई और छह बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। मौके पर एमओ ब्रजेश कुमार, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, निरंजन सिंह, बसंत राम, सरजू बैगा, प्रगति प्रकाश, रंजन मनोज, राहुल कुमार, अमित कुमार, विश्वनाथ विश्वकर्मा, पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, पंकज चौधरी, अशोक कुमार, मिथिलेश पासवान, जमाल वारिस, सोनू कुमार के अलावे रामू यादव, महादेव यादव, महेंद्र यादव, डॉ ओमप्रकाश सिंह, रामजी पासवान, मिथलेश यादव, उमा यादव, रवि यादव,सुनिल कुमार और विजय यादव आदि मौजूद थे।

नियमित शिक्षण और कड़ी मेहनत ही सफलता का मूलमंत्र : कन्हैया प्रसाद

प्रतियोगी परीक्षा में मध्य विद्यालय के दर्जनों विद्यार्थियों ने पायी सफलता, एचएम ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना 2023 के तहत ली गयी प्रखंड स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में हुसैनाबाद राजकीयकृत मध्य विद्यालय के 14 बच्चों ने सफलता हासिल की है। उत्तीर्ण होने वाले बच्चों में मनीष कुमार, धीरज कुमार शर्मा, अमरेश कुमार शर्मा, रुद्राक्ष कुमार, जय प्रकाश कुमार, आदित्य कुमार, पप्पू कुमार, अमर कुमार, किरण कुमारी, सानिया कुमारी और शालिनी कुमारी शामिल है। विद्यालय परिसर में एक सादे समारोह में एचएम कन्हैया प्रसाद ने प्रतिभागियों को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आप सभी का नियमित पढ़ाई और कड़ा परिश्रम सफलता का मूलमंत्र है। शिक्षक राजेश गुप्ता ने कहा कि आज का दौर प्रतियोगिता का है। जीवन के प्रथम प्रतियोगी परीक्षा में सफल हुए हैं। इसी तरह का ऊर्जा आगे भी बरकरार रखना है। शिक्षक जुबैर अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री छात्रवृति परीक्षा के लिए की गयी तैयारी में अर्जित ज्ञान भविष्य की परीक्षा में भी फलदायी होगी। वहीं, शिक्षिका सुषमा पांडेय ने कहा कि आज का समय कंपेरेटिव है। जीवन के हर क्षेत्र में प्रतियोगिता होगी। शिक्षिका रश्मि प्रकाश ने कहा कि यह पल विद्यालय के लिए गौरवशाली है। विदित हो कि गत वर्ष और अन्य वर्ष भी इस विद्यालय के दर्जनों विद्यार्थियों का चयन होते आ रहा है।

राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी निकालेगा आक्रोश मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के दर्जनों सक्रिय सदस्य शामिल हुए। अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार सनातन और ब्राह्मण की रक्षा के लिए सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने अपने प्राणों की आहूति दी। हमारी भी यह जवाबदेही बनती है कि वीर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए जो भी व्यक्ति खड़ा है वो हमारा भाई है और ऐसे लोगों पर जो हाथ उठाएगा उसे बख्सा नहीं जाएगा। रविवार अपराह्न तीन बजे प्रदेश कार्यालय से एक आक्रोश मार्च निकाला जाएगा जो चंद्रशेखर आजाद चौक रेड़मा तक जाएगा। वहां सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक में प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, सचिव आशुतोष पाण्डेय, शैलेश तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, नवीन तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी आदि थे।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विकास योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित : आलोक सिंह

सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद के ऊपरी कला में शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के ऊपरी कला पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, एसडीओ कमलेश्वर नारायण, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, उप प्रमुख इंदू देवी, बीडीओ रोशन कुमार, मुखिया प्रेमा देवी आदि ने संयुक्त रुप से किया। जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभावित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार अनुमंडल प्रशासन की ओर से इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन, पूर्व पंसस रामजी राम आदि थे।

स्पोर्ट्स

विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन-2 के लिए शनिवार को ऑक्शन हुआ। इस बार फ्रेंचाइजी टीमों ने 30 खिलाड़ियों को खरीदा, जिसमें 9 विदेशी खिलाड़ी शामिल है। फ्रेंचाइजी टीमों ने 30 खिलाड़ी पर 12.75 करोड़ रुपये खर्च किए।

बोली : सदरलैंड को भी मिले दो करोड़ रुपये, ऑक्शन में 30 प्लेयर्स बिके

काशवी गौतम डब्ल्यूपीएल-2 की सबसे महंगी खिलाड़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन-2 के लिए शनिवार को ऑक्शन हुआ। इस बार फ्रेंचाइजी टीमों ने 30 खिलाड़ियों को खरीदा, इनमें 9 विदेशी और 21 भारतीय प्लेयर्स शामिल रहीं। करीब साढ़े तीन घंटे चली इस नीलामी प्रकिया में फ्रेंचाइजी टीमों ने 30 प्लेयर्स पर 12.75 करोड़ रुपए खर्च किए गए। ऑक्शन में 90 प्लेयर्स के नाम पुकारे गए। भारत की काशवी गौतम और वृंदा दिनेश की नीलामी ने सभी को चौंकाया। काशवी गौतम 2 करोड़ और वृंदा 1.30 करोड़ में बिकीं। इन दोनों की बेस प्राइस 10-10 लाख रुपए थी। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को भी 2 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा, वह सबसे महंगी विदेशी प्लेयर हैं। जबकि डिएंड्रा डोटिन, चमारी अटापट्टू, देविका वैद्य, एमी जॉन्स और किम गार्थ अनसोल्ड रहीं।

5 प्लेयर्स की कीमत एक करोड़ से ज्यादा

ऑक्शन में 5 प्लेयर्स की कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा रही। काशवी से पहले अनकैप्ड वृंदा दिनेश इस ऑक्शन की पहली भारतीय करोड़पति बनी थीं। उन्हें यूपी वॉरियर्ज ने बेस प्राइस से 13 गुना ज्यादा कीमत देकर 1.30 करोड़ रुपए में खरीदा। वृंदा की बेस प्राइस 10 लाख रुपए थी। सदरलैंड, वृंदा और काशवी के अलावा ऑस्ट्रेलिया की फीब लीचफील्ड (1 करोड़) और साउथ अफ्रीका की शबनिम इस्माइल (1.20 करोड़) को भी ऑक्शन में एक करोड़ से ज्यादा रुपए की कीमत मिली। लीचफील्ड को गुजरात और शबनिम को मुंबई ने खरीदा। बतातें चलें कि 20 साल की काशवी गौतम सीजन-2 के ऑक्शन में सबसे महंगी प्लेयर बनीं। पेस बॉलिंग ऑलराउंडर काशवी चंडीगढ़ से घरेलू क्रिकेट खेलती हैं। वह 2020 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ घरेलू वनडे में 10 विकेट लेने के बाद चर्चा में आई थीं। जिसके बाद उन्हें 2022 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया से खेलने का मौका मिला। पिछले दिनों सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी में उन्होंने 12 विकेट लिए थे। इस प्रदर्शन के कारण उन्हें अंडर-23 एशिया कप में भी टीम इंडिया से खेलने का मौका मिला। पिछले हढछ ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद इस बार उन्हें 2 करोड़ रुपए की कीमत मिलीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने बेस प्राइस से 20 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। उनकी बेस प्राइस महज 10 लाख रुपए थी। काशवी ऑक्शन की सबसे महंगी भारतीय प्लेयर भी बनी हैं।

जल एवं स्वच्छता विभाग से 11 मुखिया को मिला ई रिक्शा

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। जल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से प्रदत्त ई रिक्शा का वितरण शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड परिसर से हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के 11 मुखिया के बीच किया गया। इस दौरान विभाग के पलामू जिला समन्वयक धर्मेंद्र कुमार दुबे और ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने हरिहरगंज प्रखण्ड के ढकचा, सलैया, सरसोत, खड़गपुर, सिमरबार, कुलहिया, कटैया, तुरी और पीपरा प्रखण्ड के सरैया, तेंदुई, बभंडी पंचायत के मुखिया और उनके प्रतिनिधिओं को ई रिक्शा की चाभी सौंपी। वहीं ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत अब पंचायत को स्वच्छ करने की कवायद शुरू कर दी गई है। सभी पंचायतों में ई रिक्शा के जरिए कूड़े-कचड़े का उठाव किया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, बलराम भुइंया, सतेन्द्र भुइंया, बसपा नेता अमित यादव आदि थे।

आय : धनबाद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 88 हजार 691 विवादों का निपटारा

राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 अरब 43 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। नालसा के निर्देश पर वर्ष 2023 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने की दिशा में एक कदम है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर 2013 से पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हर तीन महीने में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। वहीं, अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ ही वादकारियों को विभिन्न कानूनी उलझनों से मुक्ति मिल रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश व अन्य।

विवादों का निपटारा

मुकदमों के निपटारे के लिए 14 बेंच का गठन किया गया था। जिसमें विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार की निताशा बारला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 88 हजार 691 विवादों का निपटारा किया गया। इस दौरान कुल 12 अरब 43 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन रिकवरी के 587, अपराधिक मामले 174, बिजली विभाग के 340 लेबर एक्ट के 01, दांपत्य जीवन से संबंधित 53 वाद एनआई एक्ट के 111, मोटरयान दुर्घटना के 25, सिविल केस 12 विवादों, सर्विस से संबंधित विवाद 8 हजार 567, अन्य विभिन्न तरह के 76 हजार 114 विवादों का निपटारा किया गया। इस दौरान न्यायाधिश, न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अपर प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, लेबर जज प्रेम लता त्रिपाठी, प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, राजीव त्रिपाठी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेश निगम, शिवम चौरसिया, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, एसडीजेएम पूनम कुमारी, प्रतिमा उरांव स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन पियूष कुमार, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी डालसा के पैनल अधिवक्ता, डालसा सहायक, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, संतोष महतो, ओम प्रकाश पासवान, हेमराज चौहान, राजेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, अबुल कलाम, अजित दास, अरविंद प्रसाद आदि उपस्थित थे।

बोकारो जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,52313 वादों का निष्पादन

बोकारो (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार संतोष कुमार की अध्यक्षता में न्याय सदन बोकारो में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार संतोष कुमार के अलावा डीसी सह उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय आलोक कुमार दुबे, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, रजनीश कुमार डीएफओ० ने संयुक्त रूप से किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से वादों का निष्पादन होता है, जिससे उनके बीच कोई भी मन मुटाव नहीं रहता है। वादों के निष्पादन के लिए बोकारो व्यवहार न्यायालय में 15 एवं तेनुघाट अनुमंडल न्यायालय में 10 बेंचों का गठन किया गया था। जिसमें कुल 1,59,222 वादों को निष्पादन के लिए रखा गया। इसमें से कुल 1,52,313 वादों का निष्पादन हुआ, जिससे कुल समझौता राशि 1,64,58,64,870 की प्राप्ति हुई।

उपराष्ट्रपति आज धनबाद में, आइआइटी-आइआइएम के दीक्षांत समारोह में होंगें शामिल

- आगमन को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी
- डीसी एवं एसएसपी ने प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट, पुलिस समेत अन्य पदाधिकारी को दिया निर्देश
- शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आईआईटी-आईआईएम दीक्षांत समारोह में शामिल होने को लेकर धनबाद जिला पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डीसी सह जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन,अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, विद्युत प्रमंडल, पथ निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को संबोधित किया। डीसी ने कहा कि सभी लोग अपने काम के प्रति सतर्क और जिम्मेदार रहें। साथ ही जिस रूट लाइन से उपराष्ट्रपति गुजरेंगें वहां बैरिकेटिंग की व्यवस्था रहेगी। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हैलीपैड पर भी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। बीते शाम मॉक ड्रिल एवं ट्रायल लैंडिंग के माध्यम से तैयारी देख ली गई है। साथ ही आइआइटी आइएसएम के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया है। वहीं शहर की साफ-सफाई, रोड की मरम्मती एवं लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। साथ ही सिविल सर्जन एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई है और एसएनएमएमसीएच, सीएचसी गोविंदपुर, निरसा को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। बताया कि कार्यक्रम में बिना पहचान पत्र के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी पदाधिकरी कमांड के आधार पर कार्य करें। कारकेट के बीच में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इसका ख्याल रखें। रूट मैप के अनुसार सड़कों पर वाहनों की पार्किंग न रहने और कुछ स्थलों पर वाहनों की नो-एंट्री रखने का निर्देश दिया है। मौके पर सीटी एसपी, रूरल एसपी, डीएसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, सिविल सर्जन, धनबाद अग्निशमन पदाधिकारी, धनबाद, कार्यपालक अभियंता, संबंधित अभियंता, भवन प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल, पथ निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहें।

झारखंड में भी बनेगी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार : पशुपतिनाथ सिंह

भाजयुमो धनबाद महानगर जिला कार्यसमिति व मंडल सशक्तिकरण की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भाजयुमो धनबाद महानगर की ओर से जिला कार्यसमिति एवं मंडल ससक्तिकरण को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो के धनबाद महानगर अध्यक्ष अमलेश सिंह, संचालन तमाल राय और धन्यवाद ज्ञापन अवध बिहारी राम ने किया। बैठक में धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी शामिल थे। उन्होंने कहा की तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में मिली बंपर जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास को बल मिला है। 2024 में झारखंड में भी भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। पार्टी के युवा कार्यकर्ता इसकी तैयारी करें। क्योंकि उनका अहम योगदान रहेगा। वहीं, भाजयुमो झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि पार्टी हर एक मंडल पर एक विस्तारक 9 दिनों तक मंडलों में जाकर समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करेगी। आने वाले समय में कांग्रेस और झामुमो के सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करेगी। राज्य की गठबंधन सरकार ने राज्य की जनता को झूठे वादे देकर उसका फायदा उठाया है। जिसका जवाब जनता देगी।

युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है: राज सिन्हा

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा की सबसे अहम रीढ़ है। इसकी भूमिका आने वाले लोकसभा विधानसभा चुनाव में सबसे अहम रहने वाली है। आए दिन झामुमो कांग्रेस गठबंधन वाले सरकार में कभी 200 तो कभी 500 तो कभी हजार करोड़ के घोटाले उजागर हो रहे हैं। धीरज साहू के पास से 300 करोड़ रुपये का नकद बरामद हुआ है, जिसका आंकड़ा और बढ़ सकता है। इन सारी बातों से यह तय होता है कि झारखंड सरकार ने राज्य और देश की संपदा को लूटा है। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा मंडल सशक्तिकरण अभियान चुनाव और पार्टी को लेकर बहुत ही विशेष अभियान होगा। जो प्रत्येक मंडल के एक-एक जनता को संपर्क करेगा। इसका असर हम चुनाव में जरूर देखेंगे।

धनबाद में भय और आतंक का माहौल : रागिनी सिंह

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि आज धनबाद में भय और आतंक का माहौल है। पुलिस मूकदर्शक की भूमिका में है। मुख्यमंत्री व मंत्री सहित सत्तारूढ़ दल के लोग चुप्पी साधे हुए है। पूरे कोयलांचल में जनता भगवान भरोसे है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा कार्यकर्ता तैयार रहे। अगर धनबाद के कांग्रेस नेताओं की तलाशी ली जाए और छापे पड़े तो इतने हजार करोड़ निकलेंगे की गिनना मुश्किल हो जाएगा। वहीं, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा ने निर्णय लिया है कि जिले के हर एक मंडल में कार्यकर्ता हमारे जिला पदाधिकारी प्रवास करेंगे और एक-एक व्यक्ति तक गठबंधन की भ्रष्टाचार लूट की दास्तान को बताएंगे। मौके पर रमेश राही, नितिन भट्ट, मानस प्रसून, वीरू हांसदा, उमेश यादव, पिंटू सिंह, अभिषेक सिंह, रवि मिश्रा, चंद्रशेखर मुन्ना, अवधेश शाव, रंजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

बेरमो में लगे राष्ट्रीय लोक अदालत में 64515 मामलों का निष्पादन

समझौते से 42 करोड़ रुपए के राज्यस्व की हुई प्राप्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। दिल्ली के सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं बोकारो के प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार शनिवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 64,515 मामलों का निष्पादन हुआ। जिससे करीब 42 करोड़ रुपये के समझौता राशि की प्राप्ति हुई। इस तरह तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के लंबित मामलों एवं एसडीओ कोर्ट के 191 मामले एवं प्री लिटिगेशन के लगभग 61,000 मामलों का निष्पादन हुआ। वहीं, पूरे बेरमो अनुमंडल के करीब तीन लाख 36 हजार लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा, कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला जज द्वितीय अनिल कुमार, जिला जज तृतीय सूर्य मणि त्रिपाठी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्र, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, एसीजेएम विशाल गौरव, सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। बतातें चलें कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए 10 बेंच का गठन किया गया था। मौके पर रामकृष्ण गुप्ता, राजेश्वर जायसवाल, राजेश सिन्हा, दीपक गुप्ता, सुजय आनंद, उदय सिंह, सुबोध कुमार, रितेश सिंह, चंद्र देव हांसदा, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे। इसकी जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित गणमान्य लोग।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य महिलाओं को धुएं से निजात दिलाना : डॉ लंबोदर महतो

गोमिया विधायक ने 60 महिलाओं के बीच किया निःशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। प्रखंड अंतर्गत होसिर पूर्वी पंचायत भवन प्रांगण में शनिवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 60 महिलाओं के बीच निःशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वल योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को धुएं से निजात दिलाना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना भी है। गैस कनेक्शन मिलने से अब महिलाओं को खाना बनाने में समय भी कम लगेगा है और परेशानी भी नहीं उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिनभर की मेहनत मजदूरी के बाद रात को चूल्हे में अपने जीवन को झोंकते हैं और उनके इस दर्द को प्रधानमंत्री ने महसूस किया है। इसलिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से भारत के लगभग सभी बीपीएल परिवारों को इस अभियान से जोड़ा गया है। विधायक ने उपस्थित महिलाओं को इसके उपयोग करने के तरीके के बारे में बताया। कहा कि गैस सिलिंडर हमेशा सीधा खड़ा रखें। गैस चूल्हा, गैस सिलिंडर से कम से कम 6 इंच ऊंचाई पर किसी समतल स्थान पर रखें। रात को सोते समय या बाहर जाते समय रेगुलेटर को अवश्य बंद कर दें। दूसरी ओर, निःशुल्क गैस कनेक्शन मिलने से किरण देवी, मंजरी देवी, सुमन कुमारी, अर्चना देवी,आशा देवी, भानु देवी, सविता देवी आदि महिलाएं काफी खुश नजर आ रही थीं। गैस कनेक्शन का वितरण संतोष इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी की ओर से किया गया है। मौके पर मुखिया सावित्री देवी, पंसस गीता देवी, पूर्व मुखिया घनश्याम राम, मोहन नायक, सुधीर ठाकुर, चितरंजन सिंह, तुमन तिवारी, सोहित प्रसाद, रंजीत साव, पप्पू वर्मा, विक्रम साव, आदित्य साव और कुंदन प्रसाद आदि मौजूद थे।

एमजीएम स्कूल में सीबीएसइ राष्ट्रीय जूडो पदक विजेता का हुआ सम्मान

बोकारो (आजाद सिपाही)। एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में नौवीं के छात्र राजवीर सिंह ने सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता पटना में गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपनी जगह सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए बनाई और बेहतर प्रदर्शन के जरिए ब्रांज मेडल हासिल किया। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता 22 से 26 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित मॉडर्न स्कूल में सीबीएसई की ओर से कराया गया था। खिलाड़ी छात्र के इस शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य ने राजवीर सिंह को स्कूल प्रार्थना सभा में सम्मानित करते हुए बधाई दी। उसे और कठिन परिश्रम करने को प्रेरित किया। इस मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, हेडमिस्ट्रेस एनसी वर्गिस आदि उपस्थित थे।

चास चेकपोस्ट पर भाजपा का एक दिवसीय धरना आज

'लूट व झूठ की दुकान' ही कांग्रेस का असली चेहरा : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने ओड़िशा से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ आयकर विभाग की छापामारी में 300 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद होने पर तंज सका है। कहा कि 'लूट व झूठ की दुकान' ही कांग्रेस का असली चेहरा है। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जनता के पैसा लूटे जाने के विरोध में रविवार को झारखंड प्रदेश नेत-त्व के निर्देश पर चास चेक पोस्ट में भाजपा बोकारो जिला की ओर से एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। गरीबों को लूटकर पैसा जमा करने वालों से पाई-पाई निकलवाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरंटी है। कांग्रेस मतलब करप्शन की दुकान यह इसलिए कहा जाता है क्योंकि इनको मोहब्बत पैसों से है, इनको मोहब्बत सिर्फ लूट से है। इसलिए इस मोहब्बत की दुकान में नोटों का कितना बड़ा ढेर मिला है यह पूरे देश की जनता ने देखा है। यही कांग्रेस का असली सच व चेहरा है। विधायक ने कहा कि लूट ही कांग्रेस का असली सामान है। कांग्रेस का काम लूट, झूठ और फूट डालना है। इस मौके पर रोहित लाल सिंह, शशिभूषण ओझा मुकुल, जयदेव राय, संजय त्यागी, कमलेश राय, अशोक कुमार पप्पू, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, विनय किशोर, अशोक शर्मा, अभय कुमार गोलु आदि मौजूद थे।

पत्रकारों से बातें करते बोकारो विधायक बिरंची नारायण व अन्य।

झारखण्ड सरकार
वन प्रमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा वन प्रमण्डल

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा वन प्रमण्डल के अंतर्गत निम्नांकित अंतिम रूप से राज्यसात वाहनों को "जहां है, जिस स्थिति में है" के आधार पर बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में अति अल्पकालीन निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16.12.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 02:30 बजे अपराह्न में खोली जायगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि निविदा सूचना में उल्लेखित वाहन संबधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में कोडरमा वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 15.12.2023 को 05:00 बजे अपराह्न तक समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा कोडरमा वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है, तो यह समझा जाएगा कि उल्लेखित राज्यसात वाहनों की निविदा द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रमण्डलीय कार्यालय सूचना पट्ट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

वाहनों की सूची जिसके लिए अति अल्पकालीन निविदा सूचना आमंत्रित है :

क्र0 सं0	वाहन का प्रकार	अधिहरण वाद संख्या	निबंधन संख्या	वाहन का स्थान (वर्त्तमान मे जहाँ रखा गया है।)
1	2	3	4	5
1	टाटा मैजिक	25/2017	JH-12B-7031	गड़ाण्डी प्रक्षेत्र
2	06 चक्का ट्रक	11/2017	JH-12B-0437	डोमचाँच प्रक्षेत्र
3	ट्रक एल0पी0	17/2017	HR-64-8752	कोडरमा प्रक्षेत्र
4	एचएमटी ट्रैक्टर टेलर सहित	20/17	Without no.	डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह)
5	हिरोहोण्डा मोटरसाईकिल	30/17	WB-01T-5844	डोमचाँच प्रक्षेत्र (बरियारडीह)
6	बारह चक्का ट्रक	12/14	JH02AB-1744	चंदवारा थाना काण्ड सं0 – 53/14

PR 313103 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 10 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in

राज्य में बड़े पैमाने पर आइटी रेड ओड़िशा के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है : मनमोहन

दुर्नीति, व्यभिचार, भ्रष्टाचार के मामले में बीजेडी सरकार 'काले धन' में नंबर 1: प्रदेश अध्यक्ष

पारदर्शिता का ढोल बजाने वाले मुख्यमंत्री नवीन बाबू के राज्य में और उनकी नाक के नीचे देश का सबसे बड़ा काला धन पकड़ा जा रहा है

- सीबीआइ जांच से सामने आयेगा सच
- साहू ब्रदर्स एंड कंपनी का बीजेडी नेताओं से क्या संबंध है, यह जांच का विषय है।
- ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना पर मुख्यमंत्री चुप क्यों हैं
- कांग्रेस सांसद धीरज साहू के काले साम्राज्य को बचा रही थी बीजेडी सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ऐसा अनुमान है कि झारखंड कांग्रेस सांसद धीरज साहू और उनके सहयोगियों के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी के दौरान आयकर विभाग द्वारा जब्त किए गए काले धन की राशि 500 करोड़ से अधिक हो सकती है। कितना ही गिन लो, खत्म नहीं होता। छापेमारी के चौथे दिन पैसों की गिनती की जा रही है। यह पहली बार है कि पूरे देश में इतना कालाधन पकड़ा गया है। बैंक और आईटी अधिकारी अब पैसे गिन गिन कर थक चुके है। बिजेड़ी सरकार कांग्रेस सांसद धीरज साहू के काले साम्राज्य को बचा रही थी। ये धीरज साहू कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बेहद करीबी हैं और 'भारत जोड़' यात्रा में भी उनके साथ जुड़े थे।

ओड़िशा में आईटी छापेमारी को लेकर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मनमोहन सामल ने राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, यह पहली बार है कि पूरे देश में इतना पैसा जब्त किया गया है। इससे ओड़िशा सरकार की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। हालांकि, मनमोहन ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की और कहा कि मुख्यमंत्री को सीबीआई जांच के लिए केंद्र को पत्र लिखना चाहिए और यह भी स्वीकार करना चाहिए कि गृह विभाग विफल रहा है... यह ओड़िशा के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने हालांकि कहा कि अगर बीजू जनता दल (बीजेडी) कह रहा है कि इस घटना में कोई भाजपा नेता शामिल है तो राज्य सरकार की सभी एजेंसियों को मिलकर इसे साबित करना चाहिए। केंद्र सरकार इस कला साम्राज्य के बारे में जानती है, लेकिन राज्य सरकार नहीं जानती। यह कैसे संभव है। खुफिया एजेंसियों या गृह विभाग और ओडिशा के ईओडब्ल्यू को इसके बारे में कैसे पता नहीं चला यह काला साम्राज्य ओड़िशा सरकार की मदद से चलता था। भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर मूक दर्शक होने का आरोप लगाया। लेकिन यह राज्य के लिए शर्म की बात है कि एक जगह से इतना पैसा मिल रहा है। 120 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार करने वाली कंपनी 500 करोड़ रुपये कैसे कमाती है। ओड़िशा और झारखंड उनके लिए सुरक्षित पनाहगाह थे। साहू ब्रदर्स एंड कंपनी से राज्य सरकार का क्या संबंध है। राज्य सरकार को शराब साम्राज्य से पैसा मिल रहा था। मुख्यमंत्री और उनके कई मंत्री अब आमने-सामने हैं। यह साम्राज्य शासक दल की छत्रछाया में सुरक्षित था। देशवासियों को विकास की गारंटी देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूलने की गारंटी देते हैं। मनमोहन ने सीधा हमला बोला कि केंद्र इस मामले में किसी तरह की मध्यस्थता नहीं करेगा। इस घटना ने ओडिशा में सभी को चौंका दिया है। सामल ने काले धन में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष बिरंचि नारायण त्रिपाठी, राज्य मीडिया प्रमुख दिलीप मलिक, राज्य सोशल मीडिया प्रमुख उमाकांत पटनायक उपस्थित थे।

मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है : अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनवार। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को बरजो पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। इस दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस दौरान मंत्री ने शिविर में उपस्थित लोगों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधामनंत्री का संकल्प सभी के प्रयास जनभागीदारी, समर्पण, निष्ठा, कर्तव्य निर्वहन से पूरा होगा।

आदर्श कॉलेज राजधनवार में चार कमरों का शिलान्यास : कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को आदर्श कॉलेज राजधनवार में लगभग 50 लाख की लागत से बनने वाले चार कमरों का शिलान्यास शिलापट्ट खोल कर एवं नरियल फोड़कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि कमरा का निर्माण से छात्र-छात्राओं को

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने का सुनहरा अवसर है : लक्ष्मण सिंह

इस मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से देश वासियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने का एक सुनहरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रमुख योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुचाना है।

शिक्षा ग्रहण करने में मदद होगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही उच्च शिक्षा के लिए ऋण योजना के बारे में जानकारी दी। श्री सिंह ने कॉलेज परिवार की प्रशंसा की तथा कॉलेज परिवार को आदर्श बताया। इस मौके पर प्राचार्य विमल कुमार मिश्र, भाजपा नेता पवन साव, उदय सिंह, नकुल राय, श्रीकांत राय, छात्र नेता नीरज मोदी, अशोक राय, उपेंद्र सिंह, श्रीकांत राय उपस्थित थे।

हाइकोर्ट का ओरेवा समूह को आदेश : पीड़ितों के परिजनों को आजीवन पेंशन या नौकरी दें

गुजरात (आजाद सिपाही)। गुजरात उच्च न्यायालय ने मोरबी पुल का संचालन व रखरखाव की जिम्मेदार कंपनी ओरेवा ग्रुप को इस ह्यसस्पेंशन ब्रिज' के टूटने की घटना में अपने बेटों को खो चुके बुजुर्गों को आजीवन पेंशन, और विधवाओं को नौकरी या वजीफा देने को कहा है। अदालत ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एकमुश्त मुआवजे से उन्हें पर्याप्त मदद नहीं मिलेगी।

आइएनएइ के वार्षिक सम्मेलन, इस्पात निर्माण में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ाने का आह्वान

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आईएनएई अध्यक्ष डॉ इंद्रनील मन्ना ने की।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की आवश्यकता से जूझ रही थी, एक उद्योग नेता ने शनिवार को कहा कि इस्पात निर्माण में हाइड्रोजन के बढ़ते उपयोग से कार्बन फुटप्रिंट में काफी कमी आ सकती है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा, हाइड्रोजन एक महत्वपूर्ण घटक है जो इस्पात उद्योग को अधिक पर्यावरण के अनुकूल भविष्य में बदलने में मदद कर सकता है क्योंकि यह इस्पात निर्माण प्रक्रिया के दौरान उत्सर्जन को कम करने के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग ग्रीनहाउस गैसों का एक प्रमुख उत्सर्जक है, जो दुनिया भर में कार्बन फुटप्रिंट का लगभग 8 प्रतिशत है, उन्होंने कहा कि टाटा स्टील अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। नरेंद्रन यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान मानद विश्वविद्यालय (सोआ) में शुरू हुए भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी (आईएनएई) के तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आईएनएई अध्यक्ष डॉ इंद्रनील मन्ना ने की। सोआ के सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष और आईएनएई के भुवनेश्वर चैप्टर के अध्यक्ष प्रो दामोदर आचार्य और सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद ने सदस्यों का स्वागत किया।

ओड़िशा केंद्रीय विवि में '21वीं सदी में महिलाएं : पर्यावरण और सतत विकास' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। '21 वीं सदी में महिलाएंः पर्यावरण और सतत विकास' पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 7 दिसंबर 2023 को शुरू हुआ और 9 दिसंबर 2023 को ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में समाप्त हुआ। इसका आयोजन ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा वर्ल्ड सेंटर फॉर वुमन स्टडीज, बफेलो यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क, यूएसए के सहयोग से किया गया था। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने अपनी शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि सम्मेलन नीति निमार्ताओं के लिए दिशानिर्देश प्रदान करने और युवा पीढ़ी को इस क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

इस अवसर पर बोलते हुए, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सलाहकार (शिक्षाविद और प्रशासन) प्रोफेसर विभाष चंद्र झा ने कहा, हमारे माननीय प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी जी, महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य वैश्विक लैंगिक असमानता को खत्म करना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के विकास में। सम्मेलन में कोरापुट क्षेत्र के बाजरा सहित कृषि उत्पादों के माध्यम से क्षेत्र के विश्व स्तरीय विचारों का प्रदर्शन किया गया। भारत के धार्मिक ग्रंथ अथर्ववेद ने हमें सिखाया है कि यह भूमि हमारी माता है। बफेलो विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क में पर्यावरण और स्थिरता विभाग की प्रोफेसर बारबरा वीजनेर्ट ने सम्मानित अतिथि के रूप में छात्रों के बीच बेहतर भविष्य के लिए अपार संभावनाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित प्रदूषण, पर्यावरणीय खतरों, अपशिष्ट और अपशिष्ट निपटान, कीटनाशकों और रसायनों का उपयोग, परमाणु परीक्षण और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के निपटान जैसे विभिन्न पर्यावरणीय प्रदूषक दुनिया भर में महत्वपूर्ण चिंताएं पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी लैंगिक समानता, सतत विकास के साथ एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं और वैश्विक सहयोग के माध्यम से शांति में योगदान दे सकते हैं। प्रख्यात समाजशास्त्री और संबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बीसी बारिक ने विभिन्न विषयों में ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सम्मेलन में कहा कि महिलाओं, पर्यावरण और विकास के मुद्दों को संबोधित करने में महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पर्याप्त नीतियां महत्वपूर्ण हैं। प्रारंभ में, विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ कपिला खेमुंडू ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि चर्चा महिलाओं, पर्यावरण और विकास के संदर्भ में विकासशील देशों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बढ़ाने पर केंद्रित थी।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में कुल आठ सत्रों में 54 पेपर प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर, प्रख्यात हस्तियों ने डॉ खेमुंडू द्वारा संपादित एक सम्मेलन तालिका पुस्तक का विमोचन किया। डॉ आदित्य केशरी मिश्रा, व्याख्याता, समाजशास्त्र विभाग, सीयूओ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ नुपुर पटनायक ने तकनीकी सत्रों के संचालन में सहायता की और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रोफेसर मानस मलिक ने कार्यक्रम में सहयोग किया और लैंगिक असमानता और सतत विकास पर बात की। कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग के शोधकर्ता निरंजन माझी द्वारा प्रस्तुत किया गया था। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक, वरिष्ठ अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**